रोहतक

गुरुवार, 12 जून 2025

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 132

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 46.6
न्यून. 26.1


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,515.14 | 123.42 ▲ |
| निफ्टी | 25,141.40 | 37.15 ▲ |

| धातु | कीमत | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| सोना | 98,490 /- | 820/- ▲ |
| चांदी | 1,07,100/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.51 | 6 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 66.81/ बैरल | | 0.09% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## 9 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट, 3 दिन तक चलेगी लू, 46.6 डिग्री के साथ सिरसा सबसे गर्म, रोहतक दूसरे स्थान पर

**रात का तापमान सारे रिकार्ड तोड़कर 30 डिग्री के पार पहुंचा**

*मौसम विभाग ने लोगों को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक घरों में रहने की एडवाइजरी जारी की है। लोग चेहरा और सिर ढककर ही बाहर जाएं। चश्मे और टोपी का भी इस्तेमाल करें। समय-समय पर शीतल पेय पीते रहें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश में भीषण लू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा। मौसम विभाग ने पहली बार राज्य में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, रोहतक, चरखी दादरी, झज्जर, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी के लिए है। वहीं, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, मेवात, पंचकूला, यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, करनाल, पानीपत और सोनीपत के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 14 जून तक प्रदेश में लू चलेगी। इस दौरान अधिकतर जिलों का तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। बुधवार को 46.6 डिग्री के साथ सिरसा सर्वाधिक गर्म और रोहतक 46.2 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

वहीं रात का तापमान सारे रिकार्ड तोड़कर 30 डिग्री को पार कर गया है। देर रात तक गर्म हवाएं चलने से लोगों की नींद भी मुहाल हो गई है। 14 जून को पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते 15 व 16 जून को प्रदेश में तेज अंधड़ और बारिश व बूंदाबांदी की संभावना है। इस बीच 18 व 19 जून को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे मौसम में फिर बदलाव संभावित है।

### 25 से प्री-मानसून आने के आसार

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हरियाणा से मानसून अभी दूर है। हालांकि, इस बार उसकी स्पीड काफी अच्छी है। प्रदेश में मानसून 28 जून से जुलाई के पहले सप्ताह में कभी भी दस्तक दे सकता है। उससे पहले प्री-मानसून की बारिश होगी। उन्होंने संभावना जताई कि 25 जून के करीब मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। प्री मानसून की बरसात से लोगों को कुछ राहत मिलेगी।



फतेहाबाद। गर्मी से लोगों का जीना हुआ मुहाल हो चुका। दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। *फोटो : हरिभूमि*

### 15 से शुरू होगी धान की रोपाई

प्रदेश में हर वर्ष 15 जून से धान की रोपाई शुरू होती है। उससे पूर्व किसान धान की पौध लगाते हैं। उसके लिए भी काफी पानी की आवश्यकता होती है। धान की सीधी बिजाई डीएसआर को लेकर इस बार किसानों का रूझान कम है। सरकार ने प्रदेश में डीसीआर का टारगेट 25 हजार एकड़ से बढ़ाकर 75 हजार एकड़ कर दिया है। 15 जून से प्रदेश में धान रोपाई शुरू होगी, इससे करीब डेढ़ करोड़ यूनिट बिजली की और खपत बढ़ जाएगी। अबकी बार 12 लाख हेक्टेयर में धान रोपाई का लक्ष्य है। किसान मोटे धान की रोपाई जून में ही करते हैं। किसानों को फिलहाल 2 ग्रुपों में बिजली दिए जाने की योजना है। जरूरत के अनुसार इसे 3 ग्रुपों में भी चलाया जा सकता है।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि पूरे इलाके में लगातार तापमान में बढ़ोतरी के साथ हीट वेव, लू अपने तेवर दिखाएंगी। हालांकि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 12 जून को सक्रिय होने से केवल उत्तरी जिलों पर मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। इसके पीछे एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 14 जून को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से 15 और 16 जून से हरियाणा में तेज गति से हवाएं चलने अंधड़, आंधी और गरज-चमक के साथ बिखराव वाली हल्की बारिश या बूंदाबांदी प्री मानसून जैसी गतिविधियां फिर से जोर पकड़ने की संभावना है। इस दौरान उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों के साथ मैदानी राज्यों विशेषकर पंजाब से सटे हरियाणा के जिलों पर तेज गति से हवाएं चलने, अंधड़ और हल्की बारिश व बूंदाबांदी की गतिविधियां हो सकती हैं। 18 व 19 जून को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से मौसम बदलेगा।

## खबर संक्षेप



### कटरा-श्रीनगर वंदे भारत की सीटें 10 दिन फुल

**श्रीनगर।** कटरा से श्रीनगर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को लेकर लोगों का जबरदस्त उत्साह है। अगले 10 दिनों तक सभी सीटें बुक हो चुकी हैं। रेलवे के मुताबिक, ट्रेन शुरू होने के पहले दिन से ही लंबी वेटिंग लिस्ट बन गई थी और अब हर दिन बुकिंग की मांग और बढ़ रही है। कटरा और श्रीनगर के बीच दो ट्रेनें चलाई जा रही हैं। *एजेंसी*

### प्रियंका गांधी को केरल हाईकोर्ट का समन



**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने 2024 के लोकसभा उपचुनाव में वायनाड से भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास की याचिका पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी किया है। नव्या हरिदास ने वायनाड लोकसभा सीट से प्रियंका की जीत को चुनौती दी है। उन्होंने अपनी याचिका में प्रियंका की जीत को रद्द करने की मांग की है। *एजेंसी*

### साइबर अपराधी से करोड़ों की क्रिप्टोकरेंसी बरामद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने तलाशी के दौरान राहुल अरोड़ा नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.8 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी और 22 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की है। यह कार्रवाई साइबर अपराधियों के खिलाफ चल रहे सीबीआई के अभियान 'चक्र-पांच' का हिस्सा थी। अमेरिका और कनाडा में लोगों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। *एजेंसी*

### उपराज्यपाल ने अमरनाथ की पवित्र गुफा में की पूजा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए और प्रथम पूजा की। बता दें कि अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी जो करीब 38 दिन चलेगी। 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन यात्रा पूरी होगी। *एजेंसी*

### सोने के कुएं के पानी से भगवान ने किया स्नान



**नई दिल्ली।** बुधवार को स्नान पूर्णिमा मनाई जा रही है। जगन्नाथ को मंदिर में ही बने सोने के कुएं के पानी से नहलाया गया। इसे स्नान पूर्णिमा कहते हैं। इस दिन भगवान अपने बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ स्नान करते हैं। *एजेंसी*

## कबीर जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने किया ऐलान

# सफाई कर्मचारियों को बड़ी सौगात वेतन में 2100 रुपये की बढ़ोतरी

**सिरसा के मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र बनाया जाएगा**

**संकल्प पत्र में जो हमने कहा है, उसे पूरा करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के शहरी निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को सौगात देते हुए मासिक वेतन में 2100 रुपये बढ़ोतरी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सैनी ने यह घोषणा बुधवार को सिरसा की अनाज मंडी आयोजित संत कबीर जयंती समारोह में की। मुख्यमंत्री ने सिरसा में बन रहे संत सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। इसके अलावा डबवाली में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में 10 बेड की संख्या को बढ़ाकर 30 बेड करने और ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल के पास 30 बेड का नया नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में सफाई कर्मियों के वेतन को चरणबद्ध तरीके से 5 सालों में 26 हजार तक बढ़ाने का संकल्प लिया है, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। संकल्प पत्र में जो हमने कहा है उसे हम पूरा करेंगे।



**बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार दिया जा रहा**

**पहले की सरकारों में बाप-दादा की जयंती समारोह होते थे**

### संत कबीर के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार संत कबीर द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। गरीब को सशक्त करने का काम किया जा रहा है और बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज के बच्चों को भी अब हरियाणा में नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों में बाप-दादा की जयंती समारोह होते थे और भाजपा की सरकार बनने के बाद संत-महापुरुषों की जयंतियां समय-समय पर मनाई जा रही हैं।

### पिछले 11 साल में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाईं

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा संत कबीर के विचारों को आधुनिक भारत की नींव बताया है। संत कबीर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों को सशक्त व मजबूत करने का काम किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने भी समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू की हैं।

### सरकार का मूल दर्शन 'अंत्योदय'

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मूल दर्शन 'अंत्योदय' है, पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान है। यही संत कबीर का मार्ग है, यही हमारी नीतियों का आधार है। आज हमारी ट्रिपल इंजन सरकार तीन गुणा रफ्तार से संत कबीर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब 'वंचित अनुसूचित जाति' के लिए आरक्षण के प्रावधान पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया तो हरियाणा सरकार ने उस निर्णय को प्रदेश में लागू करने का काम किया और डीएससी समाज को उसका हक दिया। इस मौके पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि देश का पूरा डीएससी समाज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो भी बात कही वह हर बात बहुत ही जल्द ही पूरा होगी। उन्होंने संत कबीर जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि समाज व राष्ट्र के उत्थान के लिए उनके द्वारा बताए गए सिद्धांतों व विचारों का अनुसरण करने की जरूरत है। समारोह में मंत्री रणबीर गंगवा, अरविंद शर्मा, कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, विधायक रणधीर पनिहार, कपूर सिंह वाल्मीकि सहित पार्टी के स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

## सोनम ने कबूला जुर्म...हां मैं ही हूं राजा की कातिल!

**नई दिल्ली/इंदौर (हरिभूमि न्यूज)।** एसआईटी की पूछताछ के दौरान सोनम रघुवंशी ने राजा रघुवंशी की हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है। अधिकारियों ने महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद उससे पूछताछ की। सोनम ने सुनियोजित अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है। सोनम ने मेघालय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में यह कबूल किया कि उसने ही पति राजा को मरवाया था। मेघालय पुलिस ने बताया कि सोनम ही राजा को मारने के लिए हनीमून के बहाने ही शिलांग ले गई थी। मेघालय पुलिस के अनुसार इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम (25) अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) के साथ मिलकर उनकी हत्या की साजिश में शामिल थी। दोनों ने योजना को अंजाम देने के लिए तीन हत्यारों को काम पर रखा था। राजा रघुवंशी (29) और उनकी पत्नी सोनम की शादी 11 मई को यहीं हुई थी।



**राजा रघुवंशी की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई बोला-हमने उससे सारे रिश्ते तोड़े, सोनम ने गलती की, उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए**

### सोनम को शिलांग कोर्ट ने 8 दिन की रिमांड पर भेजा

मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलांग लाया गया है। सभी आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है।

## बीएसएफ जवानों को जर्जर ट्रेन दी, रेलवे के चार अधिकारी नपे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर जा रहे थे 1200 जवान, ट्रेन में चढ़ने से कर दिया था इनकार**

अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी के लिए जा रहे बीएसएफ के 1200 से जवानों को रेलवे की ओर से खस्ताहाल ट्रेन दी गई थी। ट्रेन का हाल देखकर जवानों ने उसमें चढ़ने से इनकार कर दिया था। रेल मंत्री ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए चार अधिकारियों पर कार्रवाई की है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि खराब रैक देने के मामले में रेलवे के चार अधिकारी सस्पेंड कर दिए गए हैं। यह स्पेशल ट्रेन छह जून को बीएसएफ जवानों को लेकर त्रिपुरा के उदयपुर रेलवे स्टेशन से जम्मू तवी स्टेशन के लिए रवाना होनी थी। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। एनएफ रेलवे मालेगांव गुवाहाटी ने यह ट्रेन उपलब्ध कराई थी। बीएसएफ आईजी गुवाहाटी फ्रंटियर की ऑपरेशन ब्रांच द्वारा एनएफ रेलवे मालेगांव गुवाहाटी (असम) से एक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया था। अब उन्हें दूसरी ट्रेन दी गई है।

## यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद चर्चा में आई थी ज्योति**

**हिसार।** न्यायिक दंडाधिकारी सुनील कुमार की अदालत ने न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी एवं पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। दो दिन पहले ही अदालत ने ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था, जिसके बाद ज्योति मल्होत्रा के वकील ने उसकी जमानत याचिका दायर की थी। सरकारी वकील ने ज्योति की जमानत का विरोध करते हुए दलील दी कि ये मामला संवदेनशील है और केस की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद अदालत ने ज्योति की जमानत याचिका खारिज कर दी। उधर, ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने कहा कि हम कोर्ट के फैसला का सम्मान करते है।

## राजस्थान : सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत, 20 लोग घायल

**दुल्हन समेत पांच लोगों की जान गई**

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के जयपुर, जैसलमेर और जालोर जिलों में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। सुबह सवा छह बजे रायसर इलाके में भटकाबास गांव के पास दौसा-मनोहरपुर राजमार्ग पर एक ट्रक और जीप की भिड़ंत दुल्हन भारती (18) के साथ साथ जीतू (33), सुभाष (28), रवि कुमार (17) व एक अन्य की मौत हो गई जबकि उदयपुरवाटी का निवासी दूल्हा विक्रम मीणा (25) व सात अन्य घायल हो गए। वहीं जैसलमेर जिले के बासनपीर गांव के पास सड़क दुर्घटना में शादी करके लौट रहे दूल्हे समेत तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। तीसरी दुर्घटना जालोर जिले के चरली गांव के पास मंगलवार देर रात हुई। दो यात्री वाहन आपस में भिड़ गए जिसके चलते चार लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए।

## शुभांशु का आईएसएस में जाने का मिशन चौथी बार टला



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय गगनयात्री शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सियम-4 मिशन चौथी बार टाल दिया गया। इसे 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाला गया। एक्सियम मिशन 4 में चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन पर जाएंगे। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। इसरो ने बताया कि फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट की लॉन्चिंग से पहले बूस्टर स्टेज की परफॉर्मेंस चेक की गई। इस दौरान 7 सेकेंड का हॉट टेस्ट किया गया।

**पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक**

## मंत्रिमंडल ने दी 6,405 करोड़ की दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में इन दोनों रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई। स्वीकृत परियोजनाओं में से एक 133 किलोमीटर लंबे कोडरमा-बरकाकाना ट्रैक के दोहरीकरण से संबंधित है। यह ट्रैक न केवल झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरता है, बल्कि पटना एवं रांची के बीच का सबसे छोटा और अधिक सक्षम रेल संपर्क मार्ग भी है। दूसरी परियोजना 185 किलोमीटर लंबे बेल्लारी-चिकजाजुर ट्रैक के दोहरीकरण की है। यह ट्रैक कर्नाटक के बेल्लारी एवं चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरता है।

**133 किलोमीटर लंबे कोडरमा-बरकाकाना ट्रैक का दोहरीकरण होगा**

**स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,408 गांवों तक रेल संपर्क बढ़ेगा**

**कोयला, लौह अयस्क, तैयार इस्पात, सीमेंट, उर्वरक परिवहन के लिए आवश्यक :** एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,408 गांवों तक रेल संपर्क बढ़ेगा। इन गांवों की कुल आबादी लगभग 28.19 लाख है। सरकार ने बयान में कहा, ''ये रेल मार्ग कोयला, लौह अयस्क, तैयार इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि एवं पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक हैं। इनकी क्षमता में वृद्धि से 4.9 करोड़ टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।'

## आम उपभोक्ताओं को तत्काल योजना का लाभ पहुंचाने के लिए लिया फैसला

# आधार वेरिफिकेशन के बिना बुक नहीं होगा तत्काल टिकट, 1 जुलाई से यह नियम लागू

रेलवे टिकट एजेंट भी अब तत्काल टिकट बुकिंग ओपन होने से पहले 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे

- एसी क्लास के लिए यह समय सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे तक
- नॉन-एसी क्लास के लिए सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक रहेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे मंत्रालय की ओर से बुधवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए कहा गया है कि अब बिना आधार प्रमाणीकरण के यूजर तत्काल ट्रेन टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। मंत्रालय की ओर से साफ किया गया कि टिकट बुकिंग को लेकर ये बड़ा बदलाव 1 जुलाई 2025 से लागू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने एक्स पर पोस्ट के जरिए जल्द ये नियम लागू होने की बात कही थी। रेल मंत्रालय द्वारा 10 जून 2025 को जारी सर्कुलर में सभी रेलवे जोन के साथ जानकारी शेयर करते हुए कहा गया है कि यह फैसला ये सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम यूजर्स को मिल सके। इसमें कहा गया है कि 01 जुलाई 2025 से आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप के जरिए जहां केवल आधार सत्यापित यूजर्स टिकट बुक कर सकेंगे, तो वहीं इसके बाद, 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। इसके अलावा रेलवे टिकट एजेंट भी अब तत्काल टिकट बुकिंग ओपन होने से पहले 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे।



**ट्रेन चलने से 24 घंटे पहले चार्ट होगा जारी**

नए नियम के मुताबिक रेलवे ट्रेन खुलने से 24 घंटे पहले ही चार्ट जारी करने की योजना बना रहा है। अभी ट्रेन खुलने से सिर्फ 4 घंटे पहले पता चलता है कि आपकी सीट पक्की हुई या नहीं।

### बीकानेर डिवीजन में शुरू हुई योजना

यह योजना अभी राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में 6 जून से शुरू की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि हम कुछ और हफ्तों तक इसे चलाकर देखेंगे। इससे पता चलेगा कि कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। नए नियम का उन लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा जो आखिरी समय में यात्रा करने की योजना बनाते हैं और तत्काल टिकट बुक करते हैं।

## खबर संक्षेप



### संत कबीर महान समाज सुधारक : बंडारू दत्तात्रेय

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने संत कबीर जी की 628वीं जयंती के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन में संत कबीर दास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। राज्यपाल ने संत कबीर जी के जीवन और उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबीर साहेब न केवल एक महान संत एवं समाज सुधारक थे, बल्कि एक अद्वितीय कवि भी थे, जिन्होंने अपनी सशक्त वाणी और दोहों से समाज को जागरूक करने का कार्य किया।

### मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के "संकल्प की सिद्धि" का स्वर्णिम काल बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि कुर्सी वही है, सिर्फ व्यक्ति बदला है जिसने देश को बदला है। विश्व में मोदी के नाम का डंका बज रहा है और कांग्रेस की बैंड बज रही है। गुर्जर बुधवार को अंबाला में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

### आरक्षण विरोधी ताकतों से निपटना होगा: सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने सभी को संत शिरोमणि कबीर दास जी की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि गुरूओं, संत-महात्माओं की वाणी को आत्मसात करके ही आगे बढ़ना होगा साथ ही अपने हक के प्रति सजग और सतर्क रहना होगा क्योंकि बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो आरक्षण दिया था आज कुछ ताकतें उस आरक्षण को एक साजिश के तहत खत्म करना होगा, ऐसे में इस प्रकार की ताकतों से सावधान रहना ही होगा। वे बुधवार को धानक संत कबीर समाज जागृति मंच द्वारा शिरोमणि संत कबीर साहेब की 628 वीं जयंती के अवसर पर गीता भवन मंदिर में संबोधित कर रही थी।

### जेजेपी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के 22 पदाधिकारी घोषित किए

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन नवनिर्माण के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 22 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी द्वारा फूलवती, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, सुरजीत सैनी सौंढा, बलवान सुहाग, राव सुनील चौधरी और शीला भ्याण को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जेजेपी राष्ट्रीय महासचिव के पद पर पूर्व विधायक राजदीप फौगाट, राजकुमार सैनी, मोहसीन चौधरी, रीटा सिंह और रणबीर दहिया को नियुक्त किया हैं।

# मोदी ने किसान सम्मान निधि की शुरुआत करके किया सम्मान : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल के शासन के दौरान देश को आगे ले जाने का काम किया है। यह वर्ष संकल्प से जन कल्याण तक समर्पित रहे। मोदी के नेतृत्व में हमारा देश पूरी दुनिया को रास्ता दिखाने का काम करेगा। यह बात प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने खेड़ी चोपटा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल के शासन के दौरान देश को बदलने का काम किया है। हमारा देश 1947 में आजाद हुआ था और 2047 तक भारत को सबसे बड़ी ताकत बनाना है, भारत विश्व गुरु बनेगा। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी किसानों की सुध नहीं ली। देश का किसान दिन-रात खेतों में ही रहकर सर्दी गर्मी की परवाह न करके देश के लोगों का पेट भरने के लिए हल चलाता है। किसानों की आज तक कोई भी पेंशन नहीं थी लेकिन पहली बार किसानों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के तहत छह हजार रुपए पेंशन के रूप में देकर उनका मान सम्मान किया। आने वाली पीढ़ियों तक इस क्रांतिकारी निर्णय को याद रखा जाएगा। फसल बीमा के नाम पर पहले किसानों को 5 या 10 रुपये के ही चैक मिल पाते थे लेकिन 11 साल के दौरान किसानों को तीन लाख करोड रुपये मिल चुके हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, चेयरमैन सोनू डाटा, चेयरमैन शमशेर कूकन, बिजेंद्र लोहान, नीलम जांगड़ा, अजय सिंधु, जिला पार्षद संजय खरब, सुधीर पांचाल, कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, नरेश वर्मा, सोनू नरवाल, सोनू खांडा, कपिल गुराना, साधु खेड़ी, देवेंद्र ब्यास आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया

*पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने वर्ष 2014 से पहले जम्मू कश्मीर में हमारे सैनिकों को बड़ी परेशानी होती थी। सैनिकों के सिर तक काटकर दुश्मन देश ले जाता था, लेकिन मोदी ने संकल्प लिया कि जो आतंकवादी हमारे देश के सैनिकों को नुकसान पहुंचाएगा हम उनका पीछा करके उनको नष्ट करने का काम करेंगे और जहां पर उनके आका बैठे हैं उनको भी ढूंढ कर निशाना बनाने का काम करेंगे। पाकिस्तान की हालत कितनी खराब है यह सबको पता है। उनका पानी बंद कर दिया गया है। अभी और भी काम बाकी हैं।*

### देश के प्रधानमंत्री ने 11 साल में देश को बदलने का काम किया



**नारनौंद।** खेड़ी चोपटा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



**नारनौंद।** भारत माता के चित्र पर पुष्प भेंट करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

#### आयुष्मान से निशुल्क इलाज करवा रहे लोग

#### महिलाओं को चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण

*मोदी ने हर हिंदुस्तानी का दुख व तकलीफ दूर करने का काम किया है। पहले गरीब व्यक्ति जब बीमार हो जाता था तो इलाज के लिए उसको जमीन या जेवर बेचने पढ़ते थे लेकिन आज आयुष्मान योजना के तहत देश के हजारों लोग मुफ्त में इलाज करवा रहे हैं। कांग्रेस राज में सिलेंडर भी लाइन में लगकर ब्लैक में मिलते थे। आज घर जाकर गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। महिलाओं को चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। वर्ष 2014 से पहले सिर्फ साढ़े तीन करोड लोगों के बैंक में खाते थे लेकिन आज 55 करोड़ लोगों के बैंक में खाते हैं। योजनाओं के पैसे सीधे उनके खातों में पहुंचते हैं। पहले बाद फर्जीवाड़ा होता था अभी कुछ योजनाओं में ऐसा होता है लेकिन उनका इलाज होना बाकी है। कांग्रेस पार्टी की सोच थी कि लोगों को गरीब और कमजोर रखा जाए लेकिन मोदी ने मजबूत बनाने का काम किया है।*

### सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने की भ्रष्टाचार पर चोट

# सिंचाई विभाग के 70 कर्मचारियों और अफसरों पर गाज, चार्जशीट जारी, अभी नाम का खुलासा नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने सिंचाई विभाग में करप्शन के विरुद्ध जोरदार मुहिम की शुरुआत की है। विभाग में लगभग 70 कर्मियों और अफसरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि करप्शन पर वे सरकार की नीति पर जीरो टॉलरेंस से चल रहीं हैं। वैसे, पूरे मामले में मंत्री ने गत सप्ताह इतनी बड़ी संख्या में कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास मामला भेज दिया था। मंत्री ने बताया कि सिंचाई विभाग में 48 निर्माण कार्य के सैंपल लिए गए थे। जिसमें से 18 फेल पाए गए हैं, इसको स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसमें दोषी एसडीओ, जेई और एसई सहित करने 80 अफसरों से जवाब मांग लिया गया है। सरकार के सभी प्रोजेक्ट अधिकारियों के अधीन हैं, जिसके कारण इनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। बाद में कोई खामी पाई गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि कंक्रीट के पाइप लाइन में भ्रष्टाचार हुआ है। किसाऊ डैम राष्ट्रीय स्तर का प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट शुरू होता है, तो 700 क्यूसेक से ज्यादा पानी हरियाणा को मिलेगा।

### इंजीनियर्स, एसई, जेई, एसडीओ जैसे अधिकारी स्कैनर पर



श्रुति चौधरी, सिंचाई मंत्री

जिसके साथ ही विभागीय कर्मियों और अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। इस कड़ी कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि विकास कार्यों को लेकर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही करने और मामले में करप्शन की बू आई, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई तय है। विभाग ने कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया था, कमेटी ने जांच की और बाद यह कार्रवाई की है। सरकार ने करारा प्रहार करते हुए सिंचाई विभाग के करीब 70 अधिकारियों व कर्मियों को चार्जशीट किया गया है। सरकार ने कार्रवाई सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट और सिफारिश पर की है। आरोपपत्र जिन्हें थमाए गए हैं, इसमें जेई, एसडीओ और एक्सईएन शामिल हैं। सभी को रूल 7 के तहत चार्जशीट किया है। वहीं, 7 से 8 एसई भी कर्मचारियों को चार्जशीट किया है। जिन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है. इसके साथ ही दो चीफ इंजीनियर के खिलाफ भी कड़ा एक्शन लिया गया है। कमेटी द्वारा विभिन्न निर्माण स्थलों से लिए गए कंस्ट्रक्शन सैंपलों का फेल होना बताया जा रह रहा है। विभाग की गुणवत्ता जांच में खामियां पाए जाने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि निर्माण कार्यों में गंभीर लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार हुआ है।

#### 11 साल में उल्लेखनीय काम, कड़े फैसले लिए गए

मंत्री श्रुति चौधरी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि मोदी सरकार के 11 साल में बहुत विकास हुआ है। उदाहरण के तौर पर अनुच्छेद 370, ट्रिपल तलाक जैसे फैसले उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाक को बता दिया है कि आतंकवाद की घटनाओं को अंजाम दिया, तो उसको घर में घुसकर सबक सिखाया जाएगा। सेना के पराक्रम और जवाब पर पूरे देश को गौरव है। श्रुति चौधरी ने कहा कि विदेशों में गए प्रतिनिधिमंडल के कारण भारत की छवि और ज्यादा मजबूत हुई है, साथ ही विश्व के अधिकांश देशों का समर्थनभारत के साथ में है, आतंकवाद के खिलाफ है।

#### सख्ती

### निर्माण सामग्री के 48 में से 18 सैंपल फेल

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि निर्माण सामग्री में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। सिंचाई विभाग की विभिन्न परियोजनाओं पर चल रहे निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री के 48 सैंपल भरे, उनमें से 18 सैंपल फ़ैल पाए गए। श्रुति चौधरी ने परियोजना पूरी होने को होती है तो अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ जाती है। शिकायत मिलने पर विभाग की विजिलेंस विंग ने छापामारी की और सैंपलिंग ली। ठेकेदारों की काफी पेमेंट हो चुकी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठेकेदारों से रिकवरी करने की संभावनाओं को तलाशा जायेगा। किसाऊ बाँध परियोजना के बारे में श्रुति चौधरी ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय परियोजना है। हरियाणा के लिए यह अति महत्वपूर्ण है। बाँध से हरियाणा को सिंचाई के साथ-साथ पीने के पानी के लिए तथा पन-बिजली में हिस्सेदारी मिलनी है। इस बांध से हरियाणा को यमुना नदी में 709 क्यूसिक पानी मिलेगा।

### मानसून पूर्व प्रबंधन कार्यों में आई तेजी

# 78 प्रतिशत ड्रेनों की सफाई पूरी, बाढ़ से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध करने पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़



हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने आगामी मानसून से पहले राज्य की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। सभी उपायुक्तों के साथ हुई इस बैठक में डॉ. मिश्रा ने बाढ़ से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाने और रणनीतिक दृष्टिकोण पर जोर दिया, गुणवत्तापूर्ण साइट निरीक्षण, समय पर सभी तैयारी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बताया गया कि हरियाणा ने 10 जून तक लक्षित 4,097.41 किलोमीटर ड्रेन नेटवर्क में से लगभग 78 प्रतिशत सफाई करके निकासी को प्राप्त करते हुए ड्रेन डिसिल्टिंग गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जो 27 मई को दर्ज किए गए 19.20 प्रतिशत से उल्लेखनीय वृद्धि है। डॉ. मिश्रा ने 100 प्रतिशत ड्रेन क्लीयरेंस हासिल करने के लिए 20 जून की तय की है।

#### 672 नाले साफ किए

समीक्षा में कहा गया है कि विभागीय मशीनरी, मनरेगा कार्यकर्ताओं और ई-टेंडरिंग प्रक्रियाओं के समन्वित प्रयास से वित्त वर्ष 2025 तक 868 में से 672 नालों की सफाई कर दी गई है। भूमि सुधार और विकास निगम (एलआरडीसी) ने 82.51 प्रतिशत काम पूरा होने की सूचना दी है, जबकि भाखड़ा जल सेवा (बीडब्ल्यूएस) ने 76.62 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। डॉ. मिश्रा ने उपायुक्तों को जमीनी स्तर पर मॉक ड्रिल सहित व्यापक आकस्मिक योजना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# लोकसभा अध्यक्ष से मिले विस स्पीकर कल्याण

### गुरुग्राम में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ आधिकारिक बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच गुरुग्राम में होने वाले शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में यह तय हुआ कि शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आगामी 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी हरियाणा विधानसभा करेगी। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने हरियाणा विधानसभा की ओर से मेजबानी का अवसर प्रदान करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कल्याण ने कहा कि इस सम्मेलन में देशभर से शहरी स्थानीय निकायों से जुड़े जनप्रतिनिधि, विशेषज्ञ और नीति निर्माता भाग लेंगे। यह सम्मेलन शहरी विकास, स्थानीय स्वशासन और नागरिक सेवाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित होगा।

# प्रदेश के 844 शिक्षकों को पदोन्नत किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाया जाए। इसी कड़ी में 844 शिक्षकों को पदोन्नत किया है, जिनमें 4 प्रिंसिपल भी शामिल हैं। इसी तरह से जल्द ही बीईओ व डीईओ की प्रमोशन की जाएगी। शिक्षकों का तबादला भी शीघ्र ही कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केमेस्ट्री के 35 और 18 टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) को पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) पदोन्नत किया गया है। संस्कृत और अंग्रेजी के 1-1 पीजीटी, हिंदी के 2 पीजीटी को पदोन्नत कर प्रिंसिपल बनाया गया है। इसी तरह से कॉमर्स के 4, अंग्रेजी के 207, जियोग्राफी के 1, इतिहास के 203, राजनीतिक शास्त्र के 137, समाजशास्त्र के 13, संस्कृत के 150, गृह विज्ञान के 37 और हिंदी के 35 टीजीटी को पदन्नोत करके पीजीटी बनाया गया है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के हर सरकारी स्कूल के ढांचागत विकास को पूरा किया है।


# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने योग व स्वास्थ्य के प्रचार के लिए कसी कमर, कई कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंचकूला

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला द्वारा कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा फोर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम को केंद्र में रखते हुए योग और स्वास्थ्य के प्रचार-प्रसार हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुचाना, नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस क्रम में 9 जून को हरित योग कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी कुलदीप बांगड़ ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान डीन इंचार्ज प्रोफेसर सतीश गन्धर्व, डीएमएस डॉ. गौरव कुमार गर्ग, प्रोफेसर प्रहलाद रघु, अन्य अधिकारीगण तथा छात्रगण उपस्थित रहे।

#### क्विज प्रतियोगिता

संस्थान द्वारा 9 जून से 14 जून तक एक ऑनलाइन योग क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतिभागी लिंक पर जाकर या संबंधित क्यूआर कोड स्कैन कर भाग ले सकते हैं। प्रथम तीन विजेताओं को 21 जून को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 15 जून को स्वस्थ जीवन के लिए योग, चलो साथ चलें थीम पर आधारित वॉकथॉन का आयोजन प्रातः 5 से 7 बजे तक यवनिका पार्क, सेक्टर-5, पंचकूला में किया जाएगा। मुख्य समारोह 21 जून को होगा।



सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1421+1425

मनकि सुन्दरलाल पुत्र सरदारा पुत्र जागेराम, निवासी प्लॉट न0 26/ए., खसरा न0 607, टाटा टेलको के पास, मलिकपुर, कोही उर्फ रंगपुरी, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110037 एवं बिस्वेदार गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इंतकाल न0 1755 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 60मिन/53, खाता न0 63 मिन, मु0 न0 40, किला न0 11(8–0), 12/1(5–18), किते 2, तादादी रकबा 13 कनाल 18 मरले (1.7375 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 13 कनाल 18 मरले (1.7375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 11.06.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14, गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

### हरियाणा में हैट्रिक लगाने और पिछड़ा कार्ड खेलने के बाद उत्साह में भाजपा

# बिहार की धरती पर सियासी फतह की तैयारी में सैनी

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में हैट्रिक लगाने और पिछड़ा कार्ड खेलने के साथ ही अब मुख्यमंत्री नायब सैनी के चेहरे का प्रयोग पंजाब व बिहार जैसे राज्यों में भी करेगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी बिहार के विस चुनावों को ध्यान में रखते हुए छह जुलाई को पटना जाएंगे, जहां पर वे भाजपा की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही ओबीसी समाज को बड़ा सियासी संदेश देने की तैयारी में हैं। 6 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पटना जाएंगे। उस दौरान उकने साथ में कुछ भाजपा के सियासी दिग्गज नेता भी साथ में रहेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री 6 जुलाई को बिहार की राजधानी पटना में माली समाज की ओर से होने जा रहे माली समाज के सम्मेलन में बात रखेंगे।

#### पंजाब में नायब सैनी के दौरों से आप नेताओं में चिंता



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के जरिये भाजपा पंजाब में भी विस चुनावों के लिए अभी से तैयारी में है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब के जालंधर, जीरकपुर, लालड़ू और डेराबस्सी, संगरूर ही नहीं बल्कि पंजाब के सियासी परिवारों की खुशी व गम में शामिल हो रहे हैं। पंजाब में सीएम हरियाणा के सक्रिय हो जाने के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं की चिंता बढ़ी हुई है। अहम बात यह है कि बड़ी संख्या में पंजाब के अंदर पिछड़ा वर्ग के साथ साथ में अनुसूचित समाज के वोट हैं। खुद सैनी समाज बड़ी संख्या में पंजाब में है। कुल मिलाकर पंजाब व बिहार की धरती पर सीएम हरियाणा के यह दौरे एक तीर से कई निशाने साधने की रणनीति का हिस्सा है।

#### बिहार में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

बिहार में विधानसभा को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तैयारी को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस क्रम में भाजपा पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुकी है और चुनावी रणनीति को धार देने के लिए कार्यक्रमों की कड़ी का आयोजन होगा। भाजपा ने राज्यभर में एक विशेष कार्यक्रम और जनसंवाद अभियान की योजना तैयार की है, जिससे जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाना है। भाजपा नेताओं की सक्रिय और रणनीति को ध्यान में रखते हुए अन्य दल भी अब चुनावी गुणा-गणित में जुट गए हैं।

#### सम्मेलन में एक तीर से कई निशाने साधेंगे मुख्यमंत्री

पटना में श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में माली समाज का सम्मेलन रखा जा रहा है, इस सम्मेलन के बहाने सीएम हरियाणा एक तीर से कई निशाने साधने का काम करेंगे। यहां समाज की ओर से उन्हें मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया है। सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से अहम कार्यक्रम के जरिए भाजपा माली समाज और ओबीसी के वोटरों लुभाने का काम करेगी। वैसे, यह आगामी चुनावों को लेकर राजनीतिक समीकरणों को साधने की कोशिश भी है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking

स्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट ब्रांच, नई दिल्ली
यूनिट नं. 603 बी, कोनेक्टस टावर, भाव भूति मार्ग
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, अजमेरी गेट साइड, नई दिल्ली-110001
Email: ubin0906069@unionbankofindia.bank

परिशिष्ट-IV [नियम-8 (1)] कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

चूंकि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रवर्तन प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत 6वां तल, 603बी कोनेक्टस टावर, भावभूति मार्ग, नई दिल्ली-110001 [भारत] में स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एसएएम ब्रांच का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 25.04.2022 को एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें कर्जदार मै. ग्रीनस्पेस इंफ्राहाइट्स प्रा. लि. को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि रु. 30,25,27,543/- (रुपये तीस करोड़ पच्चीस लाख सताईस हजार पांच सौ तैंतालीस केवल) का पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया।

| बैंक का नाम | सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि | 13 (2) सूचना में वर्णित राशि (राशि रु. में) |
|---|---|---|
| यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया | 25.04.2022 | 30,25,27,543/- |
| कुल | | 30,25,27,543/- |

कर्जदार/गारंटरों द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार/गारंटरों और आमजन को सामान्यतः एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 09 जून 2025 को ले लिया है।

कर्जदार/गारंटरों को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार की डीलिंग राशि रु. 30,25,27,543/- (रुपये तीस करोड़ पच्चीस लाख सताईस हजार पांच सौ तैंतालीस केवल) और उस पर ब्याज हेतु 6वां तल, 603बी कोनेक्टस टावर, भावभूति मार्ग, नई दिल्ली-110001 [भारत] में स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एसएएम ब्रांच की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

- मै. ग्रीनस्पेस इंफ्राहाइट्स प्रा. लि. के नाम सेक्टर-14 कोट बिल्लाह, पंचकूला एक्स्ट-II तहसील व जिला पंचकूला में स्थित प्रोजैक्ट भूमि पर निर्मित भवन और भूमि का इक्विटेबल मोर्टगेज, क्षेत्रफल माप 8.23 एकड़
  सीमाएं : उत्तर : रोड; दक्षिण : कृषि भूमि; पूर्व : आसरा प्रोजैक्ट; पश्चिम : पंचकूला यमुना नेशनल हाईवे
- श्री संदीप जैन के नाम फ्लैट नं. 1104, 11वां तल, टावर नं. डी-3, श्री वर्धमान गार्डनिया, गांव राई सेक्टर-10, सोनीपत, हरियाणा की इक्विटेबल मोर्टगेज, माप 1195 वर्गफुट।
  सीमाएं : उत्तर : फ्लैट नं. 1101 टावर-2; दक्षिण : लिफ्ट / कॉमन रास्ता/गैलरी; पूर्व : नीचे खुला; पश्चिम : नीचे खुला

दिनांक : 09.06.2025, स्थान : हरियाणा — प्राधिकृत अधिकारी, कृते यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया




## खबर संक्षेप

### लाखों रुपये के हीरे के गहने चोरी, मेड पर शक

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 थाना एरिया स्थित एक मकान से लाखों के जेवरात चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी मां ने घर की सफाई के लिए दो नौकरानियों को बुलाया था। उन्हीं ने वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-27 में रहने वाले गौरव धोसीवाल ने कहा कि उनकी मां ने बीती 5 जून को घर में सफाई करने के लिए दो नौकरानी को बुलाया था। इस दौरान मां के बेडरुम में एक बॉक्स से करीब साढ़े पांच लाख रुपए की चार हीरे की अंगूठी गायब हो गई। उनकी मां के बेडरुम में नौकरानी के अलावा कोई नहीं जाता था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### मानेसर को पॉलिथीन मुक्त बनाएंगे : यादव

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने निगम क्षेत्र को सिंगल यूज पॉलिथीन मुक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए गांव कासन में कपड़े के थैले बांटे। मंगलवार को आयोजित सदन की साधारण बैठक में इस मुद्दें पर पार्षदों की सहमति ली थी। बुधवार को गांव कासन में 500 कपड़े के थैले बांटे। इस दौरान तीन वार्डों के पार्षद भी मौजूद रहे।मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने कहा कि आमजन को जागरूक करते हुए लायन्स क्लब के साथ कपड़े के थैले बांटने की शुरूआत की गई है। इस अभियान में आम लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है।

### गांजा बेचने के आरोप में महिला सहित दो काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा नशा तस्करों व नशा उपलब्ध कराने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में क्राइम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने महिला आरोपी सविता व क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने आरोपी हर्ष को गांजा सहित गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 जून को क्राइम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने सविता वासी गांव सिढौला तिगांव फरीदाबाद को 580 ग्राम गांजा सहित उसके घर से व क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने हर्ष वासी गांधी कालोनी सेक्टर 21 फरीदाबाद को 250 ग्राम गांजा सहित सेक्टर 17 एरिया से गिरफ्तार किया है।

# छात्रों पर लाठीचार्ज मामले में एचएयू के रजिस्ट्रार व चीफ सिक्योरिटी अफसर सहित आठ पर केस दर्ज

■ मंगलवार रात लाठीचार्ज में कई छात्र चोटिल ■ विवि सिक्योरिटी गार्डों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सिविल लाइन पुलिस ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पवन कुमार व चीफ सिक्योरिटी अधिकारी सुखबीर सहित आठ पर केस दर्ज किया है। यह केस घायल छात्रों की शिकायत पर दर्ज किया गया है, जो अस्पताल में उपचाराधीन है। छात्रों का आरोप है कि देर रात एचएयू के अधिकारियों व सुरक्षा गार्डों ने उन पर लाठीचार्ज करके उन्हें घायल कर दिया। बुधवार को दिनभर पुलिस व एचएयू अधिकारियों की ओर से मान-मनौव्वल का दौरा जारी रहा लेकिन देर सायं तक छात्र अड़े रहे कि उनके धरनास्थल पर आकर ही विश्वविद्यालय प्रशासन बात करे और आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई करे। मौके पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एडीसी सी. जयाश्रद्धा, एसडीएम ज्योति मित्तल सहित अनेक अधिकारी पहुंचे और बातचीत की। पुलिस ने रजिस्ट्रार पवन कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, प्रोफेसर राधेश्याम मांझू के अलावा सुरक्षा गार्ड विजेन्द्र, अनूप, जगमेश पूनिया, नरेन्द्र व सुमन के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। इस संबंध में झज्जर जिले के भागलपुरी निवासी छात्र दीपांशु ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार मंगलवार को सुबह लगभग 10.30 बजे हम छात्र व छात्राएं कुलपति कार्यालय के समक्ष छात्रवृति घटाने व एलडीवी की सीटें घटाने व छात्रों कि फीस बढाने कि मांगो को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से बैठे हुये थे। उसी समय एचएयू के सुरक्षा गार्ड बिजेन्द्र, अनूप, जगमेश पूनिया, नरेन्द्र व महिला गार्ड सुमन ने मिलकर छात्र व छात्राओं पर हमला किया। इस हमले में हमारे छात्रों आनंद, जतिन व मोहित को काफी गंभीर चोटें लगी। फिर रात लगभग सवा 10 बजे हम सभी छात्र कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के आवास के पास शांतिपूर्ण ढंग से बैठे थे। उसी समय कुलपति की गाड़ी आई। आरोप है कि कुलपति के इशारे पर रजिस्टार पवन कुमार, प्रोफेसर राधेश्याम मांझू, सीएसओ सुखबीर सिंह व एचएयू के सुरक्षा गार्डों ने हमारे उपर लाठी डंडों से हमला किया और पवन कुमार रजिस्ट्रार ने अपने हाथ में लिया हुआ डंडा शिकायतकर्ता की कोहनी के पास मारा। प्रोफेसर राधेश्याम मांझू ने उसके सिर पर डंडा मारा। इस घटना में हमारे साथी छात्रों चकसु, निखिल, राहुल, मोहित कुमार, विक्रम व अन्य छात्रों काफी गंभीर चोटें लगी है। छात्रों ने आरोप लगाया कि उनके उपर जान से मारने की नीयत से हमला किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

■ लाठीचार्ज में घायल छात्र अस्पताल में उपचाराधीन

■ एसपी व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी विवि में पहुंचे



### छात्रों ने ये लगाए आरोप

घायल छात्रों ने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी के सिक्योरिटी गार्ड ने लाठियां भांजी है और उनके साथ अभद्रता भी की। यहां तक कि सिक्योरिटी गार्ड की ओर से स्टूडेंट्स को धमकी तक दी। कुछ छात्रों को सिर पर गहरी चोट लगी है। घटना के समय वहां पर कोई ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति भी नहीं की गई थी। इसी दौरान एचएयू के सिक्योरिटी गार्ड ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। सूचना मिलने पर घायल छात्रों के परिजन भी रात को अस्पताल में पहुंचे।

### वीसी से मिलना चाहते थे छात्र

छात्र दिन में हुई मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग पर वीसी आवास के बाहर धरने पर बैठे थे और वीसी से मिलना चाहते थे मगर उनसे मिलने वीसी नहीं पहुंचे, जबकि यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मिलने आए थे। छात्रों की मांग पर सुनवाई के बजाय प्रोफेसर और सिक्योरिटी गार्ड छात्रों पर ही तैश में आ गए। इस पर मामला बिगड़ गया। छात्र पक्ष की ओर से कार्रवाई की मांग की और उनके बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इस बीच सिक्योरिटी गार्ड ने सीधा छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया।

### ये है मामला
### लाठीचार्ज में छात्रों के सिर पर चोट लगी

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार देर रात हुए हंगामे व लाठीचार्ज में कई छात्रों को चोटें आई। लाठीचार्ज का आरोप एचएयू के सिक्योरिटी गार्डों पर लगा है। इससे पहले दिन में भी सिक्योरिटी गार्डों पर छात्रों को दौड़ा दौड़ा कर पीटने की वीडियो वायरल हुई थी। घायल लगभग डेढ़ दर्जन छात्रों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। किसी छात्र का सिर फूट गया तो किसी को हाथ व पीठ पर चोटें लगी हैं। ज्यादातर छात्रों को सिर पर चोटें लगी हैं।

### पुलिस करेगी कार्रवाई

सिविल लाइन थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि उस समय पुलिस नहीं थी। पुलिस की ओर से कोई लाठीचार्ज नहीं किया गया है। सिक्योरिटी गार्ड लाठीचार्ज नहीं कर सकते। स्टूडेंट्स को भी चोटें आई है। घायलों के बयान दर्ज कर रहे हैं और जो उचित कार्रवाई होगी, वो की जाएगी।

सीएससी सेंटर संचालक का कारनामा

# पति ले रहा बुढ़ापा पेंशन, पत्नी की बनवा दी विधवा पेंशन

**जींद।** नरवाना में सीएससी संचालक का अनोखा कारनामा सामने आया है। जिसमें पति के जिंदा होने के बाद भी महिला की विधवा पेंशन बनवा दी। जबकि महिला का पति बुढ़ापा पेशन ले रहा था। सीएएससी संचालक ने दंपत्ति से पेंशन की एवज में 40 हजार रुपये लिए थे। मामले का भंडा फूटने के बाद शहर थाना नरवाना पुलिस ने सीएससी संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हरनामपुरा निवासी जसबीर तथा उसकी पत्नी कांता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोनों अनपढ़ हैं। गांव का ही दीपक फौजी नरवाना में सीएससी सेंटर चलाता है। वर्ष 2021 में दीपक उनके घर आया और कहा कि वोटर कार्ड के हिसाब से उनकी उम्र 60 साल बन रही है। वह दोनों की बुढ़ापा पेंशन बनवा देगा। जिसके लिए दीपक से उनसे 40 हजार रुपये ले लिए। जिसके बाद उनकी पेंशन भी शुरू हो गई। फर्जीवाड़े का भंडा अब उस दौरान फूटा जब आंगनबाड़ी वर्कर ने घर पहुंच कर कांता से उसके पति जसबीर का मृत्यु प्रमाण पत्र मांगा। जिस पर कांता ने कहा कि उसकी पति जसबीर जिंदा है और स्वस्थ्य के साथ बुढ़ापा पेंशन भी ले रहा है। जसबीर व कांता ने आरोप लगाया कि सीएससी संचालक दीपक ने उन्हें गुमराह कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने जसबीर तथा उसकी पत्नी कांता की शिकायत पर आरोपित सीएससी संचालक दीपक उर्फ फौजी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी पवन कुमार ने कहा की मामले की जांच चल रही है।

■ 40 हजार रुपये लेकर पेंशन बनवाने का आरोप

■ दंपती की शिकायत पर केस दर्ज

# यमुना में तीन बच्चे डूबे आपस में रिश्तेदार थे

**पानीपत।** पानीपत के यमुना नदी किनारे बसे गांव संजौली के सामने यमुना नदी में नहाने गए तीन दोस्तों 19 वर्षीय नितिन, 17 वर्षीय हिमांशु व 10 वर्षीय अभि की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस व गोताखोरों की मदद से तीनों शवों को नदी से बाहर निकाला गया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाया गया। अभि मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला था। वह स्कूल की छुट्टियां होने के चलते मच्छरौली गांव में अपनी बुआ के घर आया हुआ था। तीनों आपस में रिश्तेदार थे। बताया जा रहा है कि वो घर से बाइक पर नहाने के लिए आए थे। यहां एक व्यक्ति ने तीनों को डूबते हुए देखा। उसने तुरंत डायल 112 की टीम को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर गोताखोरों की टीम भी पहुंची और तीनों के शवों को बाहर निकाला। इस विषय में बापौली थाना प्रभारी ने बताया कि यमुना नदी में डूबने से दो युवक व एक नाबालिग की मौत हुई है।

■ 19 वर्षीय नितिन 19, हिमांशु 17 और और अभी 10 साल का था

# रेवाड़ी में किसान की गर्दन पर चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंगलवार की रात ठोठवाल गांव में एक किसान की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव खेत में पड़ा मिला। मृतक की गर्दन पर चाकू से वार किए हुए थे। रामपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या का केस दर्ज कर लिया। लगभग 62 वर्षीय बीर सिंह खेतीबाड़ी का कार्य करता था। वह खेत का काम निपटाने के बाद अक्सर गांव में ताश खेलने के लिए जाता था। मंगलवार कोवह घर से बाइक लेकर ताश खेलने के लिए निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने मंगलवार शाम ही रामपुरा थाने में उसकी गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू की। बुधवार सुबह बीरसिंह का शव उसके खेत में ही पड़ा हुआ मिला। शव खून से सना हुआ था। शुरू में परिजनों ने आशंका जताई कि किसी जंगली जानवर के हमला करने से बीरसिंह की मौत हुई है। सूचना मिलने के बाद रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।




■ बीर सिंह का शव खेत में खून से लथपथ हालात में मिला

■ परिजनों की शिकायतों पर केस दर्ज

### पोस्टमोर्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया

पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि मृतक की गर्दन पर चाकू से वार किए हुए हैं, जिस कारण उसकी मौत हुई है। इसके बाद थाना रामपुरा पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने तुरंत का हत्या का केस दर्ज करते हुए आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। थाना प्रभारी विद्यासागर के अनुसार हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जल्द ही हत्यारों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है।

# फरीदाबाद में 41 दुकानें सील, 93 लाख का संपत्ति कर बकाया था

## निगम ने तीन बार नोटिस भेजे थे, अब कार्रवाई

**फरीदाबाद।** नगर निगम ने बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कंसना शुरू कर दिया है। आठ जोन में कुल 400 बकायेदारों की लिस्ट तैयार की गई है। जिमसें पांच से ऊपर वाले बकायेदार शामिल है। बुधवार को निगम ने सेक्टर-20 ए स्थित पार्श्वनाथ मैनहैटन माल की 41 दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर कुल 93 लाख रुपये संपत्तिकर बकाया था। निगम के अनुसार दुकान मालिकों को तीन बार टैक्स जमा कराने का नोटिस दिया जा चुका था। जिसमें दुकानदारों ने टैक्स जमा कराना तो दूर नोटिस का भी जवाब देना भी जरूरी नहीं समझा। जिसके बाद निगम की ओर से सीलिंग की कार्रवाई की गई। इससे पहले भी निगम की ओर से सेक्टर-12 स्थित शापिंग माल में 12 दुकानों को सील कर दिया।



### मुख्यमंत्री ले चुके बैठक

पिछले सप्ताह सीएम नायब सैनी ने नगर निगम के विकास कार्यों और प्रॉपर्टी आइडी सत्यापन को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में भी सत्यापन की धीमी गति को लेकर सीएम और कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने नाराजगी जताई थी। बैठक में निगम से गति को तेज करने के लिए कहा था, ताकि निगम को विकास कार्यों और कर्मचारियों के वेतन को लेकर सरकार से ग्रांट नहीं लेनी पड़ी। वहीं निगम का खजाना भरा रहेगा तो ठेकेदारों को भी भुगतान के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि बकायेदारों को किसी भी हालत में बख्शा में नहीं किया जाएगा। क्योंकि राजस्व हासिल होने पर ही निगम विकास कार्यों को गति दे सकेगा।

### गुरुग्राम में एसी कंपनी में कंप्रेसर फटने से कर्मचारी की मौत

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया स्थित एक इंटरनेशनल एसी कंपनी कैरियर एयरकंडिशनिंग रेफ्रिजरेशन में काम करने के दौरान कंप्रेसर फटने से कर्मचारी की मौत हो गई। कंपनी में ब्लास्ट होते ही कंपनी कर्मियों में हडकंप मच गया और अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।पुलिस को दी शिकायत में यूपी के सुलतानपुर निवासी राधेश्याम ने बताया कि उसका छोटा भाई 28 वर्षीय घनश्याम पिछले तीन वर्षों से कैरियर एयरकंडीशनिंग रेफ्रिजरेशन कंपनी में कार्यरत था। मंगलवार को वह कंपनी में काम कर रहा था। सांय को घनश्याम कंप्रेसर की जांच कर रहा था। इसी दौरान कंप्रेसर फट गया।

बुधवार को साइबर सिटी में 10 केस मिले, 106 में से 75 मरीज हो चुके ठीक

# प्रदेश में कोविड का हॉट स्पॉट बनता जा रहा गुरुग्राम, हर चौथा सैंपल पॉजिटिव मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रदेश की साइबर सिटी कोविड का हॉट स्पॉट बनती जा रही है। हर दिन नए केस मिल रहे है। बढ़ते केसों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। को वि ड गाइडलाइन का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। गुरुग्राम में बुधवार को कोविड के 10 नए मामले सामने आए हैं। जिनमें से अधिकांश मरीजों की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली है।

सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। गुरुग्राम में पिछले एक महीने के दौरान कोविड पॉजिटिव मरीजों की संख्या 106 तक पहुंच गई है। हालांकि 75 मरीज ठीक हो चुके हैं और 31 मरीज ही एक्टिव हैं। इस दौरान 363 सैंपल लिए गए हैं। यानि हर चौथा सैंपल पॉजिटिव मिल रहा है। नए मरीजों में सेक्टर 50 निवासी 22 वर्षीय युवक, एमजी रोड सरस्वती विहार निवासी 74 वर्षीय बुजुर्ग, सेक्टर 57 निवासी 26 साल का युवक, सेक्टर 70ए निवासी 36 वर्षीय महिला, सेक्टर 72 निवासी 32 वर्षीय महिला, सेक्टर 52 निवासी 31 वर्षीय महिला, सेक्टर 38 निवासी 27 वर्षीय महिला, सेक्टर 23 निवासी 24 वर्षीय पुरुष, सेक्टर 5 की रहने वाली 25 वर्षीय युवती पॉजिटिव मिली।

■ गुरुग्राम में एक्टिव मरीजों की संख्या 31

■ मरीजों को आईसोलेशन में भेजा गया



### कोलकाता से लौटी महिला पॉजिटिव

उन्होंने बताया कि ट्रैवल हिस्ट्री के मामले में केवल एक महिला मरीज सेक्टर 38 में सामने आई है। 27 वर्षीय महिला ने हाल ही में कोलकाता की यात्रा की थी। बाकी सभी मरीजों का कोई यात्रा इतिहास नहीं है, जिससे संकेत मिलता है कि स्थानीय स्तर पर वायरस का प्रसार हो सकता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और बार-बार हाथ धोने जैसे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। हालांकि अधिकांश मामले हल्के हैं और मरीज होम आइसोलेशन में ठीक हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क रहने की जरूरत है।

### कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर रहा विभाग

डिप्टी सीएमओ और नोडल अधिकारी ने बताया कि मरीजों की निगरानी की जा रही है और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। बुधवार को मरीजों का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें तुरंत होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें मरीजों के संपर्क में आए लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर रही हैं, ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके। इसके अलावा, मरीजों को नियमित स्वास्थ्य निगरानी और चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

# रेस्टोरेंट में रिटायर्ड आईएएस के सलाद में मिला कैटरपिलर

**गुरुग्राम।** शहर के 32 माइल स्टोन के एक नामी रेस्टोरेंट में खाना खाने गए रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के सलाद में कैटरपिलर मिलने का मामला सामने आया है। इसकी सूचना जब खाद्य सुरक्षा विभाग को मिली तो अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए करनाल स्थित लैब में भेज दिए हैं। वहीं, मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चौहान की मानें तो मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर सैंपल जांच के लिए लैब में भेज दिए हैं, लेकिन मामले में शिकायतकर्ता अब कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में अभी मामला लंबित हो रहा है। लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों की मानें तो रेस्टोरेंट के का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है। इसके साथ ही यहां रेस्टोरेंट से पेस्ट कंट्रोल कराए जाने से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं, लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए हैं। ऐसे में अधिकारियों ने रेस्टोरेंट को 10 दिन का समय दिया है। जानकारी के मुताबिक, रिटायर्ड आईएएस अधिकारी शनिवार को 32 माइल स्टोन स्थित सेलेस्टे रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। यहां उन्हें ग्रीन सलाद सर्व किया गया जिसमें कैटरपिलर मिला। इसके बाद उन्होंने इसका वीडियो बनाकर लिखित शिकायत दी।

■ पूर्व अधिकारी ने सलाद का वीडियो भी बनाया

■ खाद्य सुरक्षा विभाग सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे

# बच्ची से अश्लील हरकत आरोपी गिरफ्तार, केस

**कोसली।** क्षेत्र के एक अस्पताल में काम करने वाली महिला की नाबालिग बेटी से अस्पताल में अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। दस वर्षीय नाबालिग की मां की शिकायत पर कोसली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक डेंटल अस्पताल में काम करती है। घर पर उनकी बेटी की देखभाल करने वाला कोई नहीं था, इसलिए मंगलवार को वह बेटी को अस्पताल साथ ले आई थी। अस्पताल आकर वह काम में लग गई। बेटी अस्पताल के ऊपर बने भाग में खेल रही थी। उनके साथ ही अस्पताल में काम करने वाला लड़का शैलेश किसी मरीज को लेकर जांच के लिए ऊपर चला गया। मरीज कुछ देर बाद नीचे आ गया, लेकिन शैलेश ऊपर ही रह गया। करीब दस बजे जब अस्पताल की महिला डॉक्टर वाशरूम के लिए ऊपर गई तथा वापसी में उनकी बच्ची को साथ लेकर नीचे आई। उस समय वह रो रही थी व उसके मुंह में कागज का टुकडा डाला हुआ था। डॉक्टर ने बताया कि जब वह ऊपर गई तो शैलेश उसके साथ गलत काम करने की कोशिश कर रहा था। सूचना के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने नाबालिग की मां की शिकायत पर आरोपी शैलेश को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध पोक्सो एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया है। आरोपी शैलेश को बुधवार को अदालत में पेश किया गया।

■ डेंटल अस्पताल का मामला, डॉक्टर ने बच्ची को बचाया

# भारत का तेजी से मजबूत हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा: प्रधानमंत्री

## इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांति के 11 साल, पीएम ने गिनाई एनडीए सरकार की उपलब्धियां

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए हैं और भारत का तेजी से विस्तार ले रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को बढ़ावा देने के साथ समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। बेहतरीन अवसंरचना निर्माण के साथ भारत की विकास यात्रा आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को गति प्रदान कर रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया।

**खास बातें**

- पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया
- रेलवे, राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क

### माईजीओवीइंडिया पर पोस्ट में लिखा गया, स्मार्ट सिटी, सुरक्षित सड़कें



माईजीओवीइंडिया' पर एक पोस्ट में लिखा गया, "स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन- नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें लिखा गया है, यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें इस्पात और आत्मा का संगम होता है, और प्रत्येक मील का पत्थर एक अरब लोगों की उम्मीदों को लेकर चलता है। राजमार्ग जो दूरियों को कम करते हैं, पुल जो समुदायों को जोड़ते हैं, और डिजिटल नेटवर्क जो नवाचार को बढ़ावा देते हैं।

### बुनियादी ढांचे के मजबूत होने से विकास दर में हुई वृद्धि

भारत बुनियादी ढांचे से कहीं अधिक का निर्माण कर रहा है। यह आत्मविश्वास, कनेक्टिविटी और हर भारतीय सपने के लिए एक सुंदर कैनवास का निर्माण कर रहा है। थ्रेड' में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि गति परिवर्तन केवल प्रगति के बारे में नहीं है - यह प्रत्येक नागरिक के उत्थान और भारत के भविष्य को बदलने के वादे के बारे में है। एक अन्य पोस्ट में, मोदी ने कहा, "अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि यह एक आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है। मोदी ने एक्स पर कहा, इन्फ्रा-क्रांति के 11 साल हो गए हैं, जिसमें उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को जोड़ा गया है, जिससे भारत की विकास दर में वृद्धि हुई है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक सूत्र साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया।

*मोदी सरकार के 11 साल पर विशेष*


## नई चुनौतियों और बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पीएम मोदी ने बनाया 'डबल इंजन पीएमओ'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के सफर को जहां राजनीतिक तौर पर भाजपा मील का पत्थर मान रही है वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय इसे भविष्य की अलग चुनौतियों की तरह देख रही है। देशभर के विभिन्न राज्यों की भिन्न भिन्न योजनाओं को लेकर बेहद द्रुत गति से काम के लिए नायाब टीम तैयार प्रधानमंत्री कार्यालय में तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल (मोदी सरकार 3.0) में केंद्र सरकार ने 2030 तक के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इस दृष्टिकोण को लागू करने में 'डबल इंजन पीएमओ' की अहम भूमिका होगी। इतिहास में ऐसा पहली बार है जब पीएमओ में दो पूर्णकालिक प्रधान सचिवों की नियुक्ति की गई है। जिनकी देखरेख में समयबद्ध योजनाएं, परियोजनाएं लागू हों इसकी दीर्घकालिक और त्वरित दोनों तरह की नीतियां योजनाओं को देखते हुए बनायी गई है। दोनों पूर्णकालिक प्रधान सचिव पीके मिश्रा और शक्तिकांत दास समय समय पर मिली जिम्मेदारियों के माध्यम से अपनी कार्यकुशलता का लोहा बार बार मनवा चुके हैं। दोनों के नेतृत्व में काम कर रहा पीएमओ पहले से कहीं अधिक प्रभावी और गतिशील है। यह पहली बार है जब पीएमओ इस तरह के दोहरे नेतृत्व मॉडल के साथ संचालित हो रहा है, जिसे 'डबल इंजन' के रूप में देखा जा रहा है। एक वरिष्ठ नौकरशाह ने इस संबंध के कहा, 'डबल इंजन' शब्द का उपयोग आमतौर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र और राज्य में अपनी सरकारों के समन्वय को दर्शाने के लिए किया जाता है। डबल इंजन पीएमओ का तात्पर्य दो अनुभवी और शक्तिशाली प्रशासकों पीके मिश्रा और शक्तिकांत दास के नेतृत्व में पीएमओ की बढ़ी हुई कार्य क्षमता से है।

**खबर संक्षेप**

### पीएम मोदी ने संत कबीर को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संत कबीर दास की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कबीर दास को सामाजिक सद्भाव और सुधार के लिए उनके आजीवन समर्पण को याद किया। सामाजिक समरसता के प्रति आजीवन समर्पित रहे कबीरदास को मेरा कोटि-कोटि नमन। उनके दोहों में सरलता, भावों की प्रगाढ़ता है।

### केरल-गुजरात के बाद दिल्ली में बढ़ा कोरोना



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। केरल और गुजरात के बाद दिल्ली में कोरोना के सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज है। कोरोना मरीजों का आंकड़ा 750 को पार कर गया है। बढ़ते सक्रिय मरीजों के आंकड़े के साथ दिल्लीकोरोना के मामलों में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। प्रिछले 24 घंटे में कोरोना के 66 नए मरीज मिले।

## कांग्रेस अध्यक्ष का एनडीए सरकार पर हमला, उपलब्धियों को धोखा बताया

# खरगे ने मोदी सरकार के 11 साल की आलोचना की, पीएम पर 33 गलतियां करने का आरोप

- लोगों को फंसाते हों, युवाओं को बरगलाते हों, गरीबों को फंसाकर वोट लेते हों
- आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री ने लोस उपाध्यक्ष का पद खाली नहीं रखा



झूठ बोलने, युवाओं को धोखा देने में प्रधानमंत्री व्यस्त

केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही सरकार


भाषा ▶▶| कलबुर्गी (कर्नाटक)

केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 11 साल पूरे होने पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री पर इस अवधि के दौरान 33 गलतियां करने का आरोप लगाया। खरगे ने दावा किया कि उन्होंने कभी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो इतना झूठ बोलते हों, लोगों को 'फंसाते' हों तथा युवाओं को 'धोखा' देते हों। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 11 साल हो गए और 33 गलतियां की गई हैं। आप जानते हैं और मैं संसद में भी कहता रहा हूं। मैंने ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा जो इतना झूठ बोलते हों, इतनी गलतियां करते हों, लोगों को फंसाते हों, युवाओं को बरगलाते हों, गरीबों को फंसाकर वोट लेते हों। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ जून 2024 को तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार ने सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल 11वीं वर्षगांठ मनाई। खरगे ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिखकर कहा है कि संविधान के अनुसार, लोकसभा के लिए एक उपाध्यक्ष की नियुक्ति की जानी चाहिए और सरकार को संविधान के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, मोदी 'लोकतंत्र, लोकतंत्र' कहते हैं। आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री ने लोकसभा उपाध्यक्ष का पद खाली नहीं रखा, लेकिन उनके दोनों कार्यकालों (प्रधानमंत्री के रूप में) के दौरान, अब तीसरा कार्यकाल चल रहा है।

**जो कहते हैं उसे लागू नहीं करते**

मैं 55 साल सत्ता में रहा हूं और 65 साल से राजनीति में हूं, मगर उनके जैसा कोई नहीं हुआ। खरगे ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री हर बात पर झूठ बोलते हैं और जो कहते हैं उसे लागू नहीं करते तथा जब उनसे सवाल किया जाता है तो उनके पास इसका कोई जवाब नहीं होता। खरगे ने कहा, "चाहे नोटबंदी हो, चाहे रोजगार सृजन हो, चाहे एमएसपी हो, ऐसी कई बातें हैं। उन्होंने कभी स्वीकार नहीं किया कि उन्होंने लोगों से झूठ बोला है, गलती की है, और न ही कभी उसके लिए माफी मांगी। वह एक के बाद एक बातें कहते रहते हैं और अब 11 साल हो गए हैं।

### मोदी को राहुल गांधी का पत्र, वंचित वर्गों के लिए छात्रवृत्ति व हॉस्टलों की स्थिति सुधारने का आग्रह



**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वंचित वर्गों के छात्रों को समय पर पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाए और उनके छात्रावासों की दयनीय हालात में सुधार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ये मुद्दे हाशिए पर रहने वाले समुदायों से आने वाले 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों में बाधा पैदा करते हैं। प्रधानमंत्री को लिखे 10 जून की तिथि वाले पत्र में राहुल गांधी ने कहा, मैं आपसे दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध करता हूं जो हाशिए पर रहने वाले समुदायों से आने वाले 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों में बाधा डालते हैं।

### पीएम के 11 साल विफलताओं और जन विरोधी नीतियों का शानदार स्मारक हैं : कांग्रेस



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर सभी मोर्चों पर विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि इस सरकार के पिछले 11 साल विफलताओं और जन विरोधी नीतियों का शानदार स्मारक हैं। पार्टी महासचिव और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के अवसर पर उसकी 11 विफलताओंका उल्लेख किया। बघेल ने संवादाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, नरेन्द्र मोदी के 11 साल- विफलताओं और जन विरोधी नीतियों का शानदार स्मारक हैं।


### प्रतिनिधिमंडलों से मिलने के बाद क्या अब राजनीतिक दलों को विश्वास में लेंगे पीएम

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने विदेश से लौटे बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों के साथ पीएम की मुलाकात का हवाला देते हुए बुधवार को सवाल किया कि क्या अब वह राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति से जुड़ी चुनौतियों पर संसद के मानसून सत्र में चर्चा कराएंगे और राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाकर उन्हें विश्वास में लेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया है।

*कृषि मंत्री शिवराज आज गुजरात, बारडोली पहुंचेंगे*

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का आज गुजरात में होगा समापन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बृहस्पतिवार को गुजरात के बारडोली में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि 15 दिवसीय यह अभियान 29 मई को ओडिशा से शुरू हुआ था। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत चौहान अब-तक ओडिशा, जम्मू, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और दिल्ली के किसानों से संवाद कर चुके हैं। इसी कड़ी में कल वे गुजरात के बारडोली में किसानों से मिलेंगे और उनकी व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री व्यक्तिगत रूप से उनकी बात सुनने के लिए किसान चौपाल में शामिल होंगे। इस अभियान से समापन समारोह से देशभर से 16 हजार वैज्ञानिकों की 2170 टीमें भी वर्चुअली जुड़ेंगी। अब-तक ये टीमें विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के जरिए एक करोड़ आठ लाख किसानों से संवाद कर चुकी हैं।

### अनुशासन की 'लक्ष्मण रेखा' लांघने पर की गई कार्रवाई

## दिग्विजय के अनुज लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस ने दिया 6 साल का 'वनवास'

एजेंसी ▶▶| भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को अंततः पार्टी ने 6 साल के वनवास की सजा सुना दी। उनके खिलाफ यह कार्रवाई पार्टी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा लांघने के कारण हुई है। पहलगाम के आतंकी हमले के बाद लक्ष्मण ने एक बयान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उनके बहनोई राबर्ट बाड्रा और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को कठघरे में खड़ा कर दिया था। इसके लिए कांग्रेस ने नोटिस जारी कर 10 दिन के अंदर जवाब मांगा था। लक्ष्मण के जवाब से कांग्रेस की केंद्रीय अनुशासन समिति संतुष्ट नहीं थी। लिहाजा, समिति की सिफारिश पर लक्ष्मण सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया गया।

*सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद व्यक्ति को दी जमानत*

**उत्तराखंड पुलिस ने किया था गिरफ्तार**

# राज्य अंतरधार्मिक जोड़े के एक साथ रहने पर 'आपत्ति' नहीं कर सकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उस व्यक्ति को जमानत दे दी, जिसे दूसरे धर्म की महिला से विवाह करने के बाद उत्तराखंड पुलिस ने धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि विवाह उनके संबंधित परिवारों की सहमति से हुआ था, इसलिए अपीलकर्ता को जमानत देने पर राज्य की आपत्ति अस्वीकार्य थी। खंडपीठ ने कहा कि राज्य अंतर-धार्मिक जोड़े के एक साथ रहने पर आपत्ति नहीं कर सकता, क्योंकि उनके विवाह को दोनों परिवारों की सहमति प्राप्त थी।



**अवैध धर्म परिवर्तन पर की सुनवाई**

जस्टिस बीवी नागरत्ना और एससी शर्मा की पीठ अमन सिद्दीकी की सुनवाई कर रही थी। अंतरधार्मिक विवाह के तुरंत बाद उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 2018के तहत कुछ व्यक्तियों, संगठनों द्वारा आरोप लगाया गया था। कि अपीलकर्ता ने अवैध रूप से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया या उसे अंजाम दिया।

**6 माह तक हिरासत में रहा**

इसके बाद अपीलकर्ता के खिलाफ उत्तराखंड धर्म की स्वतंत्रता अधिनियम, 2018 की धारा 3 और 5, और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318 (4) और 319 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके कारण उसकी गिरफ्तारी हुई और वह पिछले छह महीनों से हिरासत में है।

## जस्टिस वर्मा के महाभियोग का सवाल अटकेगा जस्टिस यादव के महाभियोग पर विपक्ष तीखे सवालों से है लैस

- महाभियोग के लिए 55 सांसदों ने हस्ताक्षर कर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड को छह महीने पहले सौंपा था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली


जस्टिस यशवंत वर्मा पर महाभियोग चलाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास सहयोग के लिए केंद्र सरकार की ओर से पहल की गई तो उनसे दो टूक सवाल किया गया कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर अभी सांसदों के हस्ताक्षर होने हैं जब कि छह महीने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 'मूव' किया गया उस पर केंद्र खामोश क्यों है? लग रहा है कि महाभियोग पर अब विपक्ष सरकार से टकराने को तैयार है। विपक्षी नेताओं की शर्त है कि जस्टिस शेखर यादव और जस्टिस यशवंत वर्मा पर एक साथ महाभियोग संसद में लाया जाए।

विदित हो कि जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर तय नियमों के मुताबिक 55 सांसदों ने हस्ताक्षर कर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड को छह महीने पहले सौंपा था। सभापति ने सांसदों के हस्ताक्षर असली हैं या नकली, या किसी दबाव में तो नहीं लिये गये इसकी जांच के लिए समय लिया था। मगर, छह महीने बीत जाने के बाद विपक्षी दलों ने सभापति की नीयत और नीति पर सवालिया निशान खड़े करने शुरू कर दिये हैं।

*देहरादून में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले*

# सरकार ने 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा

भाषा ▶▶| देहरादून



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार ने 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है जबकि उसे उम्मीद है कि उस समय तक इस क्षेत्र में देश का निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। सिंह ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 21वीं सदी में सूचना युद्ध के बढ़ते उपयोग पर भी प्रकाश डाला और लोगों से झूठ की पहचान करने, अफवाहों को रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए सामाजिक सैनिक बनने का आग्रह किया। रक्षा मंत्री ने कहा, "डेटा और सूचना सबसे बड़ी शक्ति है, लेकिन यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान ने फर्जी वीडियो, छेड़छाड़ की गई खबरों और पोस्ट के जरिए हमारे सैनिकों और नागरिकों का मनोबल तोड़ने की साजिश रची। उन्होंने कहा, भले ही सैन्य कार्रवाइयां रोक दी गई हों, लेकिन सूचना युद्ध अब भी जारी है। सिंह ने कहा, इस वर्ष 1.75 लाख करोड़ रुपये और 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। हमारा रक्षा निर्यात इस वर्ष 30,000 करोड़ रुपये और 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाना चाहिए।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति SC के छात्रों के लिए **"टॉप क्लास एजुकेशन स्कीम"** के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु **राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP)** को 02-06-2025 से **फ्रेश (नवीन) और रिन्यूअल (नवीकरण)** छात्रों के लिए खोला गया है।

वे अनुसूचित जाति के छात्र, जिनकी **कुल वार्षिक पारिवारिक आय सभी स्रोतों से ₹8.00 लाख तक है,** और जिन्होंने इस योजना के अंतर्गत अधिसूचित किसी भी संस्थान में **पूर्णकालिक निर्धारित पाठ्यक्रम** में प्रवेश प्राप्त किया है, वे **उन संस्थानों को आवंटित छात्रवृत्ति की संख्या (स्लॉट्स) की सीमा** तक इस छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे।

पोर्टल **संभावित रूप से 31-10-2025 को बंद** हो सकता है।

फॉर्म भरने से पूर्व छात्र **योजना की पात्रता शर्तें** अवश्य जांच लें। **NSP पोर्टल** पर फॉर्म भरने के विस्तृत दिशानिर्देश उपलब्ध हैं। योजना से संबंधित दिशानिर्देश देखने के लिए socialjustice.gov.in/schemes पर जाएं या नीचे दिया गया **QR कोड स्कैन करें।**

CBC 38101/11/0006/2526

*सीजेआई गवई ने ऑक्सफोर्ड यूनियन कार्यक्रम में कहा*

# कार्यपालिका फेल तो हस्तक्षेप जरूरी पर न्यायिक आतंकवाद न हो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीजेआई बीआर गवई ने मंगलवार को कहा कि देश में न्यायिक सक्रियता की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। चीफ जस्टिस ने स्पष्ट किया कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार सीजेआई ने कहा कि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन कभी-कभी जब सीमाएं लांघी जाती हैं और न्यायपालिका उन क्षेत्रों में प्रवेश करती है जहां उसे नहीं करना चाहिए, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। न्यायिक समीक्षा का उपयोग केवल विशेष परिस्थितियों में होना चाहिए। यह शक्ति केवल तब प्रयोग की जानी चाहिए जब कोई कानून संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता हो या किसी मौलिक अधिकार के प्रतिकूल हो या वह पूरी तरह मनमाना व भेदभावपूर्ण हो।

### कभी-कभी सीमाएं लांघी जा रहीं, यह चिंता का विषय

**'फ्राम रिप्रेजेंटेशन टु रिवलाइजेसन: एंबोडाइंग द कांस्टिट्यूशन्स प्रोमिज ' में रखे विचार**



सीजेआई ने यह विचार ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'फ्राम रिप्रेजेंटेशन टु रिवलाइजेसन एंबोडाइंग द कांस्टिट्यूशन्स प्रोमिज ' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में रखा। सीजेआई गवई ने एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तन्वी दुबे की ओर से आयोजित 'ऑक्सफोर्ड यूनियन' कार्यक्रम में ये बातें कही हैं। सीजेआई ने कहा कि एक समय था जब लाखों भारतीयों को अछूत कहा जाता था, लेकिन आज उसी समुदाय से आए व्यक्ति को देश की सर्वोच्च न्यायिक जिम्मेदारी मिली है जो भारतीय संविधान की समानता की भावना का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

**न्यायपालिका की भूमिका संतुलित दृष्टिकोण पेश किया**

सीजेआई के ये बयान उस व्यापक बहस के बीच आए हैं, जिसमें यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या न्यायपालिका अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा रही है। ऐसे में सीजेआई के विचार न्यायपालिका की भूमिका, उसकी सीमाएं और उसकी जिम्मेदारियों पर हैं। एक संतुलित दृष्टिकोण पेश करते हैं।

### सत्ता केवल संस्थाओं के बीच ही नहीं, समुदायों में भी हो

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान उन लोगों की धड़कनों को संजोए हुए है जिन्हें कभी सुना नहीं गया। यह न केवल अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि उन्हें सशक्त करने, सुधारने और न्याय दिलाने के लिए राज्य को बाध्य करता है। सीजेआई गवई ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी टिकाऊ होता है जब सत्ता केवल संस्थाओं के बीच ही नहीं, बल्कि समुदायों के बीच भी वितरित हो।

## चिंतन

# रक्षा क्षेत्र में अधिक निवेश व टेक तैयारी की जरूरत

भारत को चीन व पाकिस्तान से रक्षा चुनौतियां हैं। अब बांग्लादेश भी सिरदर्द बन रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद और उग्रवाद भी भारत के लिए चुनौतियां हैं। ज्यों-ज्यों भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक ताकत के तौर पर उभरेगा, सामरिक चुनौती बढ़ती जाएगी। इसमें संदेह नहीं कि आज का भारत सैन्य रूप से काफी मजबूत है और भारतीय रक्षा क्षेत्र सभी प्रकार के सैन्य उपकरणों व हथियारों से लेस है, लेकिन जिस तेजी से वार तकनीक बदल रही है और इसमें लेजर, ड्रोन व साइबर तंत्र की एंट्री हो रही है, समूचे डिफेंस सिस्टम को अपडेट करने की जरूरत महसूस हो रही है। आज विश्व में दो सैन्य संघर्ष को देखें, तो जब भी कोई युद्ध होता है तो उसमें केवल दो देश ही शामिल नहीं होते हैं, बल्कि युद्ध मित्र राष्ट्रों के बीच होने लगता है। रूस व यूक्रेन जंग ने दिखाया है कि दोनों पक्षों को बाहरी मदद मिल रही है। भारत व पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के समय भी ऐसा देखने को मिला। चीन व तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ आए व अमेरिका पाक की तरफ झुका दिखा। इसलिए भारत को मजबूत रक्षा तैयारी की जरूरत है, वह भी स्वदेशी दम पर। यूक्रेन ने रूस में जिस प्रकार से अंदर घुस कर ऑपरेशन स्पाइडर वेब को अंजाम दिया, उससे भारत को अपनी रक्षा तैयारियों को उस स्तर से भी आगे ले जाने की आवश्यकता है। सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उस वक्त तक भारत का रक्षा निर्यात पचास हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के दौरान भारतीय स्वदेशी सैन्य अस्त्र-शस्त्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आयातित महंगे उपकरणों ने अपनी सीमाएं दिखाईं। यहां से भारत के लिए अपने रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के साथ इसे उच्च तकनीक आधारित विकसित करना चाहिए। आतंकवाद से निपटने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रक्षा क्षेत्र को 'आत्मनिर्भर भारत' के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक के रूप में तैयार करना होगा। वर्ष 2014 में वार्षिक रक्षा उत्पादन लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, जो आज 1.30 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये का था। भारत में निर्मित रक्षा उत्पाद लगभग 100 देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। इस स्थिति को और मजबूत करने की आवश्यकता है। रक्षा बजट को बढ़ाकर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.22 लाख करोड़ रुपये किया गया था, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 6.81 लाख करोड़ रुपये है। यह पिछले वित्त वर्ष से 9.5 फीसदी अधिक है। अगले बजट में इसमें 50 हजार करोड़ की वृद्धि हो सकती है। इसे करीब 8 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर ले जाना होगा। पिछले कुछ सालों में भारत में रक्षा खर्च में करीब 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारत दुनिया में सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भी है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। भारत को नई रक्षा तैयारियों में काउंटर ड्रोन सिस्टम, लेजर ड्रोन किलिंग सिस्टम, हार्ड किल ड्रोन सिस्टम पर ध्यान देना चाहिए और ड्रोन झुंडों को मारने के लिए मोबाइल 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम को मजबूत करना चाहिए। भारतीय नेवी अभी 'माइक्रो मिसाइल' सिस्टम का ट्रायल कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) गाइडेड ड्रोन ने अब कम खर्चे में प्रभावी वार टूल के रूप में अपनी क्षमता साबित की है। भारत को इस क्षेत्र में अधिक निवेश करना चाहिए।



गरीबी उन्मूलन
रवि शंकर

# असमानता की खाई को पाटना जरूरी

> विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं। ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं।

भारत में विकास दर लगातार बढ़ती जा रही है। अब हालात पहले से बेहतर हो गए हैं। भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में काफी ज्यादा कमी देखी गई। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2011-12 में 27.1 प्रतिशत की अत्यधिक गरीबी दर 2022-23 में घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन के बाद देश को अच्छी खबर मिली है। विश्व बैंक ने कहा है कि भारत में अत्यंत गरीबों की संख्या घटी है। विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करते हुए इसे 2.15 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है। इस नए मानक के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 344.47 मिलियन से घटकर 75.24 मिलियन हो गई है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी, साझा समृद्धि और असमानता के रुझानों के बारे में बताती है।

विश्व बैंक समूह और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वसंत और वार्षिक बैठकों के लिए साल में दो बार जारी होने वाली ये जानकारी किसी देश की गरीबी और असमानता के बारे में तस्वीर पेश करती है। रिपोर्ट के अनुसार देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 18.4 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.8 प्रतिशत हुई। शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत हुई। वहीं, ग्रामीण और शहरी गरीबी के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत अंक से घटकर 1.7 प्रतिशत अंक रह गया। इसके अलावा, भारत ने मल्टी डायमेंशनल पावर्टी को कम करने में भी शानदार प्रगति की है। आंकड़ों के अनुसार, मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स 2005-06 में 53.8 फीसदी से घटकर 2019-21 तक 16.4 फीसदी हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 15.5 फीसदी हो गया। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की बदली हुई जिंदगी की कहानी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य, जहां 2011 में सबसे ज्यादा गरीब आबादी थी। उन्होंने इस बदलाव में बड़ा योगदान दिया। अकेले इन्हीं राज्यों ने देशभर में गरीबी घटाने में दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा निभाया है। इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए क्योंकि यह मानव कल्याण में बड़ी प्रगति की तरफ इशारा करता है। यह आर्थिक वृद्धि और लक्षित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को परिलक्षित करता है।

हमारे देश में गरीबी के कई कारण रहे हैं। देश में ग्रामीण गरीबी का मूल कारण कृषि में अर्द्ध सामंती उत्पादन संबंधों का होना है। स्वंतत्रता के बाद भूमि सुधारों के लिए जो कदम उठाए गए, वे नाकाफी हैं और भूमि पर बड़े किसानों का अधिकार होने से भूमिहीनों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग सभी खेतिहर मजदूरों के परिवार, काफी संख्या में छोटे व सीमांत किसान तथा भूमिहीन गैर-कृषि क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिक परिवार गरीब हैं। जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है, किन्तु भूमि उतनी ही रहती है।

इससे श्रम उत्पादकता और वास्तविक प्रति व्यक्ति आय कम होती जाती है। कृषि में तकनीकी परिवर्तनों और खाद्यों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि का लाभ बड़े किसानों को ही हुआ है। वहीं देश में बढ़ते पूंजीवाद के




कारण नवउदारवादी नीतियों तथा खुदरा क्षेत्र में विदेशी निवेश की नीतियां गरीबों के लिए अहितकर सिद्ध हुई है। बहरहाल, भारत ने वैश्विक गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि नीति, प्रयास और जनसहभागिता से गरीबी जैसी चुनौती को मात दी जा सकती है। हालांकि, इस रिपोर्ट से इतर भी हाल की कई रिपोर्टों में अत्यधिक गरीबी घटने की बात रेखांकित की गई थी। इसका कारण आर्थिक विकास दर का निरंतर मजबूत बने रहना और सरकारी नीतियां हैं।

रिपोर्ट में जहां मोदी सरकार इस बड़ी उपलब्धि की तारीफ की गई है, तो वहीं दूसरी ओर इकोनॉमी को लेकर कहा गया है कि भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वित्त वर्ष 2024-25 तक कोरोना महामारी पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग 5 फीसदी कम थी। पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। जाहिर तौर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है, जिसका नतीजा सामने है। इसके बावजूद जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। ये असमानताएं हैं जिन्हें अवश्य ही दूर किया जाना चाहिए। यह ठीक है कि एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है। संघीय सरकार वाले इतने बड़े, विविधतापूर्ण देश में नीति निर्माण की चुनौतियों को देखते हुए, पीएम मोदी ने कई मौकों पर कठोर परिस्थितियों और गैर-समर्थक विपक्ष के बावजूद समय पर निर्णय और नीतियों को लागू करके 1.4 बिलियन लोगों के विकास के लिए अपने समर्पण का उत्तरदायित्व निभाया है। अपने पहले कार्यकाल में उन्हें विरासत में मिली सुस्त अर्थव्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इसे सकारात्मक विकास के स्रोत में बदल दिया है। फिर भी असमानता, बेरोज़गारी और बुनियादी सेवाओं तक पहुंच की कमी जैसी लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं।

ऐसे में भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह तभी संभव है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। खैर, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## अभिव्यक्ति

डॉ. मोनिका शर्मा



# प्रतिनिधिमंडल में दिखा भारतीयता का मुखर भाव

बीते कई दशक से भारत आतंकवाद से जूझ रहा है। बावजूद इसके पड़ोसी देश पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर भ्रम फैलाने में पीछे नहीं रहता। बीते दिनों पहलगाम हमले के बाद की गई सफल सैन्य कार्रवाई से साथ ही हमारे देश द्वारा दुनिया के कई देशों में अपना पक्ष रखने का प्रयास भी अहम रहा। ध्यातव्य है कि ऑपरेशन सिंदूर पर 'ग्लोबल-आउटरीच' के लिए सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया के अलग-अलग देशों का दौरा कर ना केवल पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब किया बल्कि आतंकवाद को लेकर भारत का रुख भी स्पष्टता से रखा है। 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर अलग-अलग राजनीतिक दलों के 51 सांसदों के साथ ही राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाहों ने परायी धरती पर भारत का पक्ष रखा। सुखद है कि ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखते हुए दुनिया के अनेक देशों का दौरा कर लौटे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों में हर मतभेद से परे भारतीयता का मुखर भाव दिखा।


असल में आतंक के दंश के खिलाफ दिखी यह साझी अभिव्यक्ति मौजूदा समय के लिए ही नहीं, भविष्य में भी आतंकवादी गतिविधियों के प्रति भारत की सख्ती को वैश्विक स्तर पर रेखांकित करने वाली रही। सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के अलावा कांग्रेस समेत कई पार्टियों के नेताओं ने प्रभावी ढंग से अपने देश की रणनीति और कार्रवाई को दुनियाभर के लोगों को समझाया। रेखांकित करने योग्य पक्ष यह भी है कि देश में सरकार का मुखर विरोध करने वाले नेताओं ने भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को वैश्विक मंच पर एक सहयोगी भाव के साथ रखा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाइयों के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी की बातों में भारतीयता की सोच साफ नजर आई। ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर से जुड़े विवादित पक्ष को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीज़फायर के लिए अमेरिका का दबाव पाकिस्तान पर था, भारत पर नहीं, क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। वहीं डीएमके सांसद कनिमोझी द्वारा भारत की राष्ट्रभाषा को 'विविधता में एकता' की भाषा बताना भी रहा। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के शशि थरूर और बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा कही गई बातों की तो वैश्विक स्तर पर खूब चर्चा भी हुई। पाकिस्तान के सहयोग से पल रहे आतंकवाद को वैश्विक मंच पर उजागर करने का यह कदम सचमुच सार्थक संदेश देने वाला रहा।

देश की सुरक्षा और अस्मिता के मोर्चे पर सभी राजनीतिक दलों द्वारा व्यक्त की गई साझी चिंता देशवासियों को भी भरोसा देने वाली रही। देखा जाए तो यह कूटनीतिक मुहिम वैश्विक मंचों पर पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की प्रतिबद्धता को सामने रखने वाला अहम कदम तो थी ही, भविष्य के लिए भी आतंकी गतिविधियों को लेकर भारत की सोच को स्पष्ट करने में कामयाब रही। बहुत देशों ने खुलकर भारत का समर्थन किया। कोलंबिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मारे गए आतंकियों पर शोक जताने वाला अपना बयान भी वापस लिया। मलेशिया में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे को लेकर पाकिस्तानी दूतावास ने धर्म की आड़ लेकर अपनी मनवाने की कोशिश की।

मलेशियाई सरकारी अधिकारियों से हमारे देश के प्रतिनिधिमंडल के सभी 10 कार्यक्रमों को रद करने का यह कहते हुए आग्रह किया कि हम एक इस्लामी देश हैं, आप भी एक इस्लामी देश हैं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बात न सुनें, मलेशिया में उनके सभी कार्यक्रम रद कर दें। बावजूद इसके मलेशियाई सरकार ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन की न केवल मंजूरी दी बल्कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत कर उनका पक्ष भी सुना गया। कोलंबिया की उपविदेश मंत्री वियाविसेंसियो ने भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर के साथ खड़े होकर कहा, "हमें अब इस बात की पूरी जानकारी है कि कश्मीर में वास्तव में क्या हुआ था।' एक अन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर लौटीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि 'आतंकवाद के खिलाफ़ हर देश भारत के साथ पूरी ताकत से खड़ा है।' निःसंदेह, सभी दलों के प्रतिनिधियों का साझा स्वर देश के भीतर आतंकवादी घटनाओं को लेकर जनमानस की भावना समझने से लेकर वैश्विक मोर्चे पर भारत का पक्ष रखने तक, कामयाब कूटनीतिक मुहिम रहा है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

## दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

# जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित

## प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा- लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा- क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला- पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हमारे जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। *- राजेंद्र ठाकुर, कवर्धा*

## ट्रेंड

### साझा मूल्यों पर चर्चा



आज सुबह ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। भारत-यूरोपीय संघ संसदीय संबंधों को और मजबूत बनाने, लोकतंत्र एवं बहुलवाद के हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

**- एस जयशंकर, विदेश मंत्री**

### हिंदी सीखने का भी महत्व



तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम हमारी मूल भाषाएं हैं और हमें उन्हें सीखना चाहिए, इस पर कोई समझौता नहीं। लेकिन इसके अलावा हिंदी सीखने का भी महत्व है। यह हमारे युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान कर सकती है।

**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश**

### पायलट को श्रद्धांजलि



जब किसानों और मजदूरों के बच्चे पढ़-लिख कर उन पदों पर पहुंचेंगे जहां से इस देश की नीतियां बनती है, तभी भारत का सही मायनों में विकास होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, किसानों के हितैषी, राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मोदी सरकार की साजिश



मोदी सरकार के 11 साल दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए अपमान, हिंसा और भेदभाव से भरे रहे हैं। इन्हें संस्थागत रूप से दोयम दर्जे का नागरिक बनाने और मुख्यधारा से दूर रखने की साजिश जारी है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# सिंगापुर ने साइबर अपराध से जुड़े 1,000 आईपी हटाए

सिंगापुर के अधिकारियों ने 1,000 से अधिक इंटरनेट प्रोटोकॉल (या आईपी) पते को हटा दिया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे साइबर अपराधों से जुड़े थे। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।



पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) के आपराधिक जांच विभाग के तहत साइबर अपराध कमान के अधिकारियों ने देश में आईपी पते को हटाने के लिए सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीएसए) के साथ काम किया। यह वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल के नेतृत्व में 26 देशों में चार महीने के अभियान का हिस्सा था और इसे 'ऑपरेशन सिक्योर' नाम दिया गया था। साइबर अपराधियों के खिलाफ यह अभियान इस साल जनवरी से अप्रैल तक चलाया गया। 26 देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मिलकर भौतिक सर्वरों का पता लगाया, जिनके बारे में माना जाता है कि वे 'इन्फोस्टीलर्स' के रूप में जाने जाने वाले दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर (मैलवेयर) को बनाए रखते हैं। इस अभियान में भौतिक नेटवर्कों की मैपिंग और लक्षित टेकडाउन को अंजाम देना शामिल था। बयान में कहा गया है कि वैश्विक प्रयास के कारण 20,000 से अधिक दुर्भावनापूर्ण आईपी पते और डोमेन को हटाया गया।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड का केंद्र आप नहीं पा सकते हैं

पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है



कि ''सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएँ एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे। इसी तरह, आप ब्रह्मांड में किसी भी दिशा में यात्रा कर सकते हैं और कभी भी उसका केन्द्र नहीं पा सकेंगे, क्योंकि गुब्बारे की सतह की तरह, इसका भी कोई केन्द्र नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद में फिनलैंड का वाणिज्य दूतावास खुला



**अहमदाबाद।** फिनलैंड ने गुजरात के अहमदाबाद में नए मानद वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इससे फिनलैंड और गुजरात के बीच व्यापार, निवेश और जानकारियों का आदान-प्रदान बढ़ने की उम्मीद है। गुजरात कारोबार जगत की नामी गिरामी शख्सियत कुलिन लालभाई को फिनलैंड का मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया गया है। वे आपसी आर्थिक रिश्तों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता ने गांधीनगर में सीएम भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की।

### फ्रांस में बच्चों के लिए बैन होगा सोशल मीडिया



**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संकेत दिए हैं कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर आने वाले महीनों में यूरोपीय संघ (ईयू) इस पर कोई कदम नहीं उठाता, तो फ्रांस खुद इस दिशा में सख्त कानून बनाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की अनियंत्रित पहुंच एक बड़ी वजह बन रही है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म्स के पास उम्र की पुष्टि करने की तकनीक है, उन्हें इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

### पूर्व राष्ट्रपति को 6 साल की सजा बरकरार



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की भ्रष्टाचार के जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। इसके साथ ही उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद पर काबिज होने से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। यह फैसला 'पेरोनिज्म' विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, जो पिछले दो दशकों में अर्जेंटीना की राजनीति की सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक रही हैं। अदालत के इस निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है।

## पाकिस्तान को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पश्चिमी देशों को फिर दो टूक

# आतंकवाद किसी दिन आपको भी बड़ा नुकसान पहुंचाएगा

**हर देश अपने अनुभव इतिहास और हितों के आधार पर निर्णय करता है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ ब्रसेल्स

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो टकराव हुआ, वह केवल दो पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी और यही आतंकवाद एक दिन पश्चिमी देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा।

यह बात उन्होंने एक यूरोपीय समाचार वेबसाइट को बुधवार को दिए इंटरव्यू में कही। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के एक महीने के बाद जयशंकर यूरोप के दौरे पर हैं।

उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में चार दिन तक चले संघर्ष के बारे में पूछा गया था। जयशंकर ने कहा कि मैं आपको कुछ याद दिलाना चाहता हूं, एक व्यक्ति था ओसामा बिन लादेन।

सोचिए, वह आखिर क्यों पाकिस्तान के एक सैन्य कस्बे में उसकी सैन्य अकादमी के ठीक बगल में वर्षों तक खुद को महसूस करता रहा? उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की भी पैरवी की और कहा कि भारत कुशल श्रमिक और चीन की तुलना में अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।

*जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह असल में आतंकवाद के खिलाफ एक कार्रवाई थी।*

**बहुध्रुवीय दुनिया के साथ संबंध गहरे करना चाहता है भारत**

**कश्मीर में घुसपैठ पर पश्चिम देशों ने दिया था पाक का साथ**

### अपने अतीत पर नजर डालें पश्चिमी देश



जयशंकर ने कहा कि अगर वही देश जो तब टालमटोल कर रहे थे, अब आकर हमसे कहते हैं कि आइए, अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों पर बड़ी-बड़ी बातें करें, तो मुझे पूरा हक है कि मैं उनसे कहूं कि पहले अपने अतीत पर भी नजर डालें। उन्होंने कहा कि आज की बदलती भूराजनीति में बहु-ध्रुवीयता अब कोई भविष्य की बात नहीं रही। वह पहले से आ चुकी है। अब यूरोप को अपनी क्षमता के आधार पर और अपने वैश्विक संबंधों को ध्यान में रखते हुए अपने हित में निर्णय लेने की जरूरत है।

### जंग के मैदान से नहीं निकलेगा समाधान

रूस पर दुनिया की ओर से लगे प्रतिबंधों पर जयशंकर ने कहा कि भारत युद्ध को किसी समस्या का हल नहीं मानता। हम नहीं मानते कि युद्ध के जरिए मतभेदों को सुलझाया जा सकता है। हमें नहीं लगता कि समाधान जंग के मैदान से आएगा। यह हमारा काम नहीं है कि हम किसी समाधान को थोपें। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम न तो किसी पर अपनी राय थोप रहे हैं, न ही किसी की निंदा कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि हम पूरी तरह अलग-थलग हैं।

### ईयू वैश्विक व्यवस्था का स्तंभ

विदेश मंत्री ने कहा कि मैं आज यूरोप में 'रणनीतिक स्वायत्तता' जैसे शब्द सुनता हूं, जो पहले हमारे शब्दकोश का हिस्सा थे। यूरोपीय संघ आज वैश्विक व्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है और पहले से कहीं अधिक स्वतंत्र निर्णय लेने वाला बन चुका है और भारत इस बहु-ध्रुवीय दुनिया में उसके साथ संबंध और गहरा करना चाहता है। यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) के बारे में उन्होंने कहा कि भारत इसका विरोध नहीं कर रहा, लेकिन उसे इस पर गंभीर आपत्तियां हैं।

### पश्चिमी मीडिया की भी आलोचना की

उन्होंने कहा मैं चाहता हूं कि दुनिया यह समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद से जुड़ा मुद्दा है और वहीं आतंकवाद एक दिन आप लोगों (पश्चिमी देशों) के लिए भी समस्या बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों की प्रतिक्रिया के रूप में दिखाया, जबकि यह असल में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई थी।

### भारत के यूक्रेन के साथ भी मजबूत संबंध

उन्होंने कहा कि भारत के यूक्रेन के साथ भी मजबूत संबंध हैं। यह सिर्फ रूस तक सीमित नहीं हैं। लेकिन हर देश अपने अनुभव, इतिहास और हितों के आधार पर निर्णय करता है। भारत की सबसे पुरानी शिकायत यही रही है कि हमारी सीमाओं का उल्लंघन (देश की) आजादी के कुछ ही महीनों बाद हुआ।

## लॉस एंजिलिस हिंसा पर भड़के ट्रंप



# बोले- हम इस शहर को आजाद कराकर रहेंगे, फिर से साफ और सुरक्षित बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कैलिफोर्निया का लॉस एंजिलिस शहर इन दिनों हिंसा की चपेट में है। नेशनल गार्ड्स की तैनाती के बावजूद हिंसा काबू में नहीं आ रही है। मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति सेना की 250वें वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप लॉस एंजिलिस के प्रदर्शनकारियों पर जमकर भड़के और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन तक कह दिया। साथ ही ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में सेना तैनाती के अपने फैसले का बचाव किया और लॉस एंजिलिस को आजाद करने की बात कही। ट्रंप ने लॉस एंजिलिस को कचरे का ढेर कहा और कहा कि लॉस एंजिलिस पर अपराधियों का कब्जा है।

### चीन-अमेरिका व्यापार विवाद सुलझ रहा

**लंदन।** अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से चल रहा व्यापार विवाद अब सुलह की राह पर बढ़ चला है। लंदन में दोनों देशों के बीच हुई व्यापार वार्ता के बाद संकेत मिले हैं कि दोनों देश व्यापार विवादों को सुलझाने के लिए समझौते को क्रियान्वित करने के लिए एक रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। ली और चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंटाओ, डिप्टी पीएम हे लिफेंग के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।




## पाकिस्तान से तनाव के बीच युद्धाभ्यास में जुटी नौसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**नौसेना ने ब्रिटेन संग किया पैसेज युद्धाभ्यास, सेना खान क्वेस्ट के लिए मंगोलिया पहुंची**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ पश्चिमी मोर्चे पर बने हुए तनाव के बीच भारतीय सशस्त्र सेनाओं की दुनिया के तमाम देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय युद्धाभ्यास की कवायद जारी है। जिसमें नौसेना ने जहां ब्रिटेन के प्रमुख युद्ध समूह के साथ बीते 9 से 10 जून तक पैसेज युद्धाभ्यास किया है। वहीं, बुधवार को भारतीय सेना का दस्ता खान क्वेस्ट नामक बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास के लिए मंगोलिया के उलानबटोर पहुंचा। रक्षा मंत्रालय ने 11 जून को जारी किए गए अपने कुछ बयानों के जरिए यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन की नौसेना के साथ जारी पैसेज युद्धाभ्यास में बल के स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर, पनडुब्बी और लंबी दूरी का समुद्री गश्ती विमान पी8आई ने भाग लिया। जबकि ब्रिटेन की तरफ से इसमें मुख्य युद्धक समूह में शामिल एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड जैसे दो जंगी युद्धपोत शामिल हुए। नौसेना के युद्धाभ्यास में एकीकृत हेलिकॉप्टरों का नियंत्रण, रणनीतिक उड़ान, समन्वित पनडुब्बी रोधी अभियान और अधिकारियों के बीच पेशेवर आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों का अभ्यास किया गया।

## बिना वैध वीजा के अमेरिका में घुसा था भारतीय युवक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**भारतीय दूतावास ने की पुष्टि, हरियाणा का है युवक, अवैध ढंग से किया अमेरिका में प्रवेश**

बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया से लेकर समाचार-पत्रों की सुर्खियों में छाए हुए भारतीय युवक के साथ अमेरिका के नेवॉर्क हवाईअड्डे पर पुलिस द्वारा जमीन पर पटककर हथकड़ी लगाने के मामले की बुधवार को असल सच्चाई सबके सामने आ गई। जिसमें एक ओर भारत (विदेश मंत्रालय) ने मामले को मजबूती के साथ नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास के समक्ष उठाया। तो दूसरी ओर न्यूयॉर्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने बताया कि नेवॉर्क हवाईअड्डे पर पकड़ा गया भारतीय युवक हरियाणा का रहने वाला है। वह अमेरिका में बिना किसी वैध वीजा के 'अवैध ढंग' (डंकी रूट) से घुसा था। उसे अमेरिकी अदालत के एक आदेश के बाद पुलिस द्वारा भारत वापस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि वाशिंगटन डीसी में भारत के दूतावास और न्यूयॉर्क में वाणिज्य दूतावास अमेरिकी अधिकारियों के साथ मामले पर और अधिक विस्तृत जानकारी एकत्रित करने के लिए लगातार संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि नेवॉर्क में अपने ट्रांजिट के दौरान युवक का व्यवहार यात्रा के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया।




## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के अविश्वसनीय 11 साल

# दक्षिण कोरिया में रह रहे प्रवासी बोले- गूंज रहा भारत का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया में रह रहे प्रवासी भारतीयों ने नरेंद्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री 11 साल पूरे होने पर बधाई दी। भारतीय प्रवासियों ने भारत की बढ़ती व्यावसायिक क्षमता और दुनियाभर के देशों के साथ मजबूत होते संबंधों की भी प्रशंसा की। भाजपा-एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने पर एक प्रवासी भारतीय महिला ने कहा कि आज किसी भारतीय को अपना परिचय देने की जरूरत नहीं है, हमारा नाम अब पूरी दुनिया में गूंज रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने वैश्विक मंच पर भारत की पहचान को मजबूती से स्थापित किया है। हम शांति के प्रतीक हैं, लेकिन समय आने पर हम अदम्य साहस भी दिखा सकते हैं।

## *कोरियाई व्यवसायी ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की*



*कोरियाई व्यवसायी ह्यून ही चोई ने भारत की बढ़ती व्यावसायिक क्षमता और बेहतर होते द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों में भारत में काफी बदलाव आए हैं। 20 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था, तकनीक, और बुनियादी ढांचा आज की तुलना में कम विकसित था। उस समय मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सीमित था और विदेशी निवेश भी आज जितना नहीं था। भाजपा सरकार के पिछले 11 सालों में, खासकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है।*

### भारत ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई

एक अन्य प्रवासी महिला ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की अविश्वसनीय यात्रा, जी-20 में नेतृत्व से लेकर चंद्रयान-3 के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण, यूपीआई जैसे डिजिटल नवाचारों तक, उल्लेखनीय रही है। हम एनआरआई ने वैश्विक मंच पर भारत के उत्थान को गर्व के साथ देखा है। यह केवल स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता में प्रगति के बारे में नहीं है बल्कि जलवायु कार्रवाई से लेकर तकनीकी प्रगति तक, भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह क्या करने में सक्षम है।

### दुनिया ने सेना का पराक्रम देखा

*महिला ने कहा कि बीते कुछ समय में दुनिया ने भारतीय सेना के पराक्रम को देखा है। चाहे वह बालाकोट हो या उरी हो या फिर हाल ही के 'ऑपरेशन सिंदूर' की बात हो, हमारी सेना ने अपने शौर्य को दिखाया है। मैं पीएम मोदी को बधाई देना चाहती हूं, जिन्होंने दुनियाभर के देशों में प्रतिनिधिमंडल को भेजा, जहां उन्होंने भारत के पक्ष को रखा और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25